रुड़की का प्रथम व एक मात्र हिन्दी दैनिक

# परम नागरिक

यानि केवल पत्रकारिता

Now Visit us:
www.paramnagrik.in

आर.एन.आई. सं. UTTHIN/2011/36627
डाक पंजीयन- जी U/ADO/DDN/03/2024-2026

वर्ष 15 अंक 29 कुल पृष्ठ 8 रुड़की (हरिद्वार) मंगलवार, 25 फरवरी, 2025 मूल्य ₹ 3.00




## एलन मस्क को महिला ने कोर्ट में घसीटा, कहा- तुम्ही मेरे बच्चे के पिता

**ईएमएस**

**वॉशिंगटन।** इनफ्लुएंसर एशले सेंट क्लेयर ने अरबपति एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और अपने पांच महीने के बेटे की कस्टडी की मांग की है, जिसे वह टेस्ला और एक्स के बॉस का बच्चा बताती हैं। सेंट क्लेयर ने 21 फरवरी को मैनहट्टन सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने मस्क पर अपने बच्चे का पिता होने का दावा किया। मस्क ने अब तक इन आरोपों को स्वीकार करने से इनकार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सेंट क्लेयर का दावा है कि उन्होंने और मस्क ने जनवरी 2024 में सेंट बार्थ्स की यात्रा के दौरान बच्चे की प्लानिंग की थी। उन्होंने अदालत से मस्क को एक डीएनए टेस्ट के लिए आदेश देने का अनुरोध किया है ताकि यह तय किया जा सके कि वह पिता हैं या नहीं। अदालत में दायर याचिका में मस्क की एक नवजात बच्चे को गोद में लिए हुए तस्वीर और दोनों के बीच कथित रूप से एक्सचेंज किए गए फ्लर्टी मैसेज शामिल हैं।



### अन्तिम चरण में महाकुंभ : संगम तट पर फिर उमड़ा आस्था का सैलाब

## अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**ईएमएस**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 की समाप्ति में अब मात्र दो दिन का समय ही शेष रह गया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ ही संगम में स्नान करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ का समापन हो जायेगा। इस पावन अवसर पर दिव्य स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिये देश दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर कदम रख रहे हैं।

सोमवार को स्नान करने वालों का तांता लगा हुआ है और सुबह दस बजे तक करीब 55 लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ में संगम स्नान करने वालों की संख्या 62 करोड़ से अधिक हो चुकी है। सोमवार को भी कई अति विशिष्ट महानुभावों ने पावन त्रिवेणी में डुबकी लगा पुण्य की प्राप्ति की। आज डुबकी लगाने वालों में फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। वहीं सिने तारिका कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुंभ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है। इस बीच, बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुंभ प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि यहां आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया। उधर, अंतिम स्नान पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की आशंका के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुयी हैं वहीं संगम तट पर बड़ी संख्या मे स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है।

# दुनिया को भारत से बहुत आशाएं

### ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट भोपाल में उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**आरएनएस**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है।

राजधानी के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में चाहे जन सामान्य हो या नीति के जानकार, या देश अथवा संस्थान, सभी को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। पिछले कुछ समय में जो कमेंट्स आए हैं, वे भारत में हर निवेशक का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी वाला देश बना रहेगा। क्लाइमेट चेंज की एक संस्था ने भारत को सोलर पावर का सुपर पावर कहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लोबल एयरोस्पेस के लिए कैसे भारत एक बेहतरीन सप्लाई चेन के तौर पर उभर रहा है। ग्लोबल सप्लाई चेन चौलेंजिंग का जवाब वे भारत में देख रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जो भारत पर दुनिया के कॉन्फिडेंस को दर्शाते हैं। यह कॉन्फिडेंस भारत के हर राज्य का भी कॉन्फिडेंस बढ़ा रहा है और आज यह मध्य प्रदेश की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भी महसूस किया जा रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से भारत का पांचवा बड़ा राज्य है। मध्य प्रदेश कृषि के मामले में भारत के प्रमुख राज्यों में है। खनिज के हिसाब से भी मध्य प्रदेश देश के पांच प्रमुख राज्यों में से है। मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद भी प्राप्त है। मध्य प्रदेश संभावनाओं से भरा हुआ है। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन का नया दौर देखा गया है। एक समय था जब यहां बिजली, पानी की बहुत सी दिक्कत थी, कानून-व्यवस्था की स्थिति तो और भी खराब थी। ऐसे हालात में यहां इंडस्ट्रीज का विकास बहुत मुश्किल था। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश के लोगों के सहयोग से यहां की भाजपा सरकार ने गवर्नेंस पर फोकस किया।

पीएम मोदी ने आगे कहा, दो दशक पहले तक लोग मध्य प्रदेश में निवेश करने से डरते थे, आज मध्य प्रदेश इन्वेस्टमेंट के लिए देश के राज्यों में टॉप के राज्यों में स्थान बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि जिस मध्य प्रदेश में कभी सडकों के कारण बसे तक नहीं चल पाती थीं, वह इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में भारत के लीड राज्यों में से एक है। जनवरी 2025 तक दो लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल एमपी में रजिस्टर हुए हैं। मध्य प्रदेश आज मैन्युफैक्चरिंग के लिए नए सेक्टर के रूप में एक शानदार डेस्टिनेशन बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाना तय किया है। बीते दशक में भारत ने अधोसंरचना का दौर देखा है। कहा जा सकता है इसका बहुत फायदा मध्य प्रदेश को मिला। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जो देश के दो बड़े शहरों को जोड़ रहा है, उसका बड़ा हिस्सा मध्य प्रदेश से ही होकर गुजरता है। एक तरफ मध्य प्रदेश को मुंबई के पोर्ट के लिए कनेक्टिविटी मिल रही है, दूसरी तरफ नॉर्थ इंडिया के मार्केट को भी जोड़ रहा है। आज मध्य प्रदेश में पांच लाख किलोमीटर से अधिक तक का रोड नेटवर्क है।

### वकीलों के विरोध के बाद झुकी सरकार

## वापस लिया वकालत (संशोधन) विधेयक

**ईएमएस**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने वकीलों के विरोध के बाद वकालत (संशोधन) विधेयक, 2025 का मसौदा वापस लिया है। यह विधेयक अदालतों के कामकाज में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव देता था। इसमें वकीलों के लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान था। कई वकील संगठनों ने विधेयक का विरोध किया था। ड्राफ्ट बिल 13 फरवरी को कानून मंत्रालय की वेबसाइट पर जन परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था। मंत्रालय ने कहा, हालांकि, प्राप्त सुझावों और चिंताओं को देखते हुए, अब परामर्श प्रक्रिया को खत्म करने का फैसला हुआ है। अब संशोधित ड्राफ्ट बिल हितधारकों के साथ परामर्श के लिए नए सिरे से तैयार किया जाएगा।

इसके पहले, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन सहित देश भर के विभिन्न बार एसोसिएशनों के साथ विचार-विमर्श किया था। सभी ने वकालत (संशोधन) बिल और विधि आयोग की 266वीं रिपोर्ट का विरोध किया था। रिपोर्ट में अदालत के काम में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश हुई थी, जिसमें उन्हें प्रैक्टिस करने से रोकना भी शामिल था।

कई बार काउंसिल ने आयोग (रिपोर्ट संख्या 266) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जाहिर की थी। उनका कहना था कि प्रस्तावित विधेयक प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर गैर-कानूनी व्यक्तियों को वैधानिक निकाय में शामिल करने की सिफारिश करता है।

कई वकीलों का मानना था कि यह विधेयक उनके अधिकारों का हनन है। वे अपनी मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल पर जाने की धमकी दे रहे थे। विधेयक के विरोध का एक मुख्य कारण यह भी था कि इसमें विदेशी लॉ फर्मों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने का प्रस्ताव था। कई भारतीय वकीलों को डर था कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी। इस विधेयक के वापस लेने से फिलहाल वकीलों को राहत मिली है।

### किसानों को मनाने में कामयाब हुए शिवराज

## निरस्त कर दिया दिल्ली कूच का प्लान

**ईएमएस**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी लोकप्रियता और कार्यशैली के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। इस बार उन्होंने किसानों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है।



शनिवार को किसानों से चौहान ने बात की फिर खबर आई कि किसानों दिल्ली कूच का प्लान बदल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जल्द आगे की रणनीति के बारे में ऐलान किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के साथ चर्चा के बाद ही आगे का प्लान बताया जा सकता है। बता दें कि पिछले साल 13 फरवरी से ही यह किसान आंदोलन शुरू हुआ था। एक साल से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी किसान पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

केंद्र सरकार की तरफ से बातचीत के लिए न्योता मिलने के बाद किसान मजदूर मोर्चा (केएमएस) अपनी योजना में बदलाव कर सकता है। किसान संगठन ने 25 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया था। हालांकि इसी बीच केंद्र ने 19 मार्च को तीसरे चरण की बातचीत के लिए आमंत्रण भेज दिया है। किसान नेताओं के मुताबिक सरकार बातचीत को जारी रखना चाहती है। ऐसे में किसानों ने अपनी योजना बदल दी है। हालांकि उन्होंने कहा है कि प्रदर्शन जारी रहेगा।

शनिवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंडीगढ़ में किसानों से बात की थी। किसानों की मांग है कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी दी जाए। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर भी कृषि मंत्री ने बात की। अब अगले चरण की बातचीत 19 मार्च को होनी है। शनिवार को किसानों के साथ बैठक के बाद कृषि मंत्री चौहान ने कहा था कि किसान नेताओं के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और अगले दौर की वार्ता 19 मार्च को चंडीगढ़ में होगी। चौहान ने बताया कि केन्द्रीय दल ने बैठक के दौरान किसानों के समक्ष किसान कल्याण कार्यक्रम को रखा, जो नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रधानमंत्री दौरे की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र में आगमन से उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को काफी बढावा मिलेगा और यह दौरा राज्य की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के साथ ही समूचा उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरूगेशन सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के हर्षिल-मुखवा के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र में आगमन से शीतकालीन यात्रा को पंख लगेंगे। पूरे विश्व में इस यात्रा का प्रचार-प्रसार होगा। जिससे हमारे राज्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटकों का आगमन होना तय है। यह अवसर हमारे राज्य की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान साबित होने वाला है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन उत्तराखंड के लिए सदैव बहुत शुभ होता है। केदारानाथ धाम, माणा, आदिकैलाश की प्रधानमंत्री की यात्रा एवं प्रवास के बाद इन जगहों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में काफी अधिक वृद्धि हुई है। इसी तरह इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री के आगमन के फलस्वरूप राज्य में साढे तीन लाख करोड़ रूपये की लागत के पूंजी निवेश के एमओयू हुए और अभी तक राज्य में लगभग अस्सी हजार करोड़ रूपये से ज्यादा के निवेश की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री के हाथों राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ होना भी उत्तराखंड के लिए सौभाग्यशाली साबित हुआ है। देवभूमि ने खेलभूमि की प्रतिष्ठा भी अर्जित की है। इस बार राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने लंबी छलांग लगाकर सातवां स्थान हासिल किया है, जबकि राष्ट्रीय खेलों मे पिछली बार हम पच्चीसवें स्थान पर थे।

## 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा एआईसीसी का अधिवेशन, खड़गे करेंगे अध्यक्षता

**अहमदाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) का अगला अधिवेशन अहमदाबाद में होगाद्य 8 और 9 अप्रैल होने वाले एआईसीसी के अधिवेशन की अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगेद्य अधिवेशन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस के दिग्गज नेता शिरकत करेंगेद्य गुजरात प्रदेश कांग्रेस और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने आज इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस बार एआईसीसी का अधिवेशन गुजरात में होगाद्य शक्तिसिंह ने बताया कि कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगाद्य राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## उच्च शिक्षण संस्थानों के विकास में सीएसआर की अहम भूमिका : डॉ धन सिंह रावत

**आरएनएस**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के संयुक्त प्रयास से राज्य में उच्च शिक्षा और उद्यमिता विकास के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) की भूमिका पर एक विशेष कार्यशाला मुख्य सचिव सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य सीएसआर के माध्यम से उच्च शिक्षा और उद्यमिता को सशक्त बनाना तथा संस्थागत सहयोग को प्रोत्साहित करना था।



कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा डॉ. धन सिंह रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का दायित्व, हम सभी का साझा दायित्व है। राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को जन-जन का संकल्प बनाने के लिए कार्य कर रही है। मंत्री उच्च शिक्षा ने समावेशी विकास के लिए वंचित वर्ग और समूहों पर विशेष ध्यान का आह्वान किया। मंत्री उच्च शिक्षा ने सी0एस0आर0 के माध्यम से दूरथ क्षेत्र के महाविद्यालयों और संस्थाओं को गोद लेकर विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, देवभूमि उद्यमिता योजना विद्यार्थी उद्यमिता का पहला, अनूठा और सबसे सफल मॉडल है। उन्होंने सभी सीएसआर संगठनों से राज्य के विकास की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग के साथ जुडकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में सचिव, उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि, संस्थागत विकास के लिए भागीदारी और सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, सरकार की दृष्टि और प्रयासों के साथ सामाजिक विकास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सी0एस0आर0 फंडिंग महत्वपूर्ण है जो मिसिंग लिंक्स को जोड़ने का कार्य करती है। डॉ० सिन्हा ने कहा कि, सामाजिक विकास में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आइडिया को प्रोडक्ट में बदलने के लिए संस्थाओं को विशेष भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर सी0एस0आर0, सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार मनमोहन मैनाली ने कहा कि, उद्योगों की सप्लाई चेन के रूप में कार्य कर रही है उच्च शिक्षा विभाग की देवभूमि उद्यमिता योजना। इस तरह के प्रयास सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसके लिए सरकार की समस्त इकाईयां एक यूनिट की तरह काम कर रही हैं।

### भागवत की स्वयंसेवकों से अपील

## जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना मित्रता बढ़ाएं

**ईएमएस**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना विभिन्न समूहों के बीच मित्रता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान, उन्होंने भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से विभिन्न उपयोगों के लिए समान मंदिरों, श्मशानों और पानी को साझा करना चाहिए। भागवत ने जोर दिया कि समग्र रूप से समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए पानी संरक्षण, पौधे लगाने और प्लास्टिक के बर्तनों से बचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कहा, हर भारतीय को खाद्य पदार्थ, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी आत्म-अभिव्यक्ति से मेल खाने वाली भाषाएं अपनानी चाहिए। संघ प्रमुख ने फिर कहा कि नागरिकों को पारंपरिक सामाजिक मानदंडों का पालन करना चाहिए, भले ही कानूनी नजरिए से इसतरह के सभी नियमों को कानून नहीं कहा जा सकता है।



## महाशिवरात्रि के लिए मंदिरों को सजाना शुरू

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि की तैयारियां कुंभनगरी में शुरू हो गई हैं। मंदिरों को सजाना शुरू हो गया है। मंगलवार तक मंदिरों को पूरी तरह से सजाया जाएगा। महाशिवरात्रि का मुहूर्त बुध वार और गुरुवार की सुबह तक है, लेकिन बुधवार की रात को ही शिवरात्रि की पूजा होगी।

जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि की तैयारियां कुंभनगरी में शुरू हो गई हैं। मंदिरों को सजाना शुरू हो गया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक शिवरात्रि की शुरुआत 26 फरवरी को सुबह 11.08 बजे शुरू होगी और इस तिथि का समापन 27 फरवरी को सुबह 8. 54 बजे होगा। इसलिए प्रदोष काल पूजा मुहूर्त के हिसाब से 26 फरवरी को ही महाशिवरात्रि मनाई जाएगी।

**धर्मनगरी में हाईवे पर उमड़ी डाक कांवड़ियों की भीड़-धर्मनगरी में** सोमवार को को हर तरफ डाक कांवड़ियों की भागमभाग देखने को मिली। हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर पैदल और डाक कांवड़ दोनों ही भारी तादात में दिखे। हरिद्वार-दिल्ली राजमार्ग पर भी काफी संख्या में शिवभक्त अपने गंतव्य को जाते दिखे। यह पहला मौका था, जब इतनी बड़ी संख्या में फाल्गुनी कांवड़ यात्रा में भी डाक कांवड़िए हरिद्वार पहुंचे हैं। अभी तक इस सीजन की कांवड़ यात्रा में पैदल आने वाले कांवड़िए अधिक होते थे। साथ ही दिल्ली मार्ग की ओर जाने वाले कांवड़िए नजर आ रहे हैं, जो कि सावन में अधि क होते हैं।

### शारदीय कांवड़ यात्रा के अंतिम दौर में

# लगातार बढ़ रही कांवड़ियों की भीड़

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** अंतिम चरण में पहुंच चुकी शारदीय कावड़ यात्रा जोर पकड़ रही है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि से पहले गंगाजल लेने के लिए पहुंच रहे कावड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हरकी पैड़ी और नमामि गंगे घाट पर कावड़ियों का मेला लगा हुआ है। दूर-दूर से पहुंच रहे शिव भक्त कांवड़िए कंधे पर कांवड़ रखकर बोल बम के जयकारों के साथ अपने गंतव्य को लौट रहे हैं।



जानकारी के अनुसार अंतिम चरण में पहुंच चुकी शारदीय कावड़ यात्रा जोर पकड़ रही है। कावड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पुलिस और प्रशासन की ओर से कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई इंतजाम किए गए हैं। नीलधारा के पास कांवड़ियों के लिए लाइट, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की गई है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस की ओर से मेला क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर और जोन में बांटा गया है। एसएसपी में बताया कि कांवड़ यात्रा के अंतिम तीन दिन ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किए जाएंगे और हैवी व्हीकल को शहर में प्रतिबंधि त किया जाएगा। कांवड़ियों की सुरक्षित वापसी के साथ पुलिस उनकी सेवा में भी योगदान कर रही है। सोमवार को थाना पथरी पुलिस ने घोंटी चैक पर भंडारे का आयोजन किया और गंगा जल लेकर लौटरहे कांवड़ियों को हलवा, चना प्रसाद, चाय-पानी व फलाहार का वितरण किया। थाना श्यामपुर पुलिस ने भी रसियाबड़ में कांवड़ियों को भोजन, पेयजल व फलाहार वितरित किया।

## संस्कृत का एक भी छात्र बेरोजगार नहीं रहना चाहिए

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक गैरोला ने कहा कि संस्कृत के छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत का एक भी छात्र बेरोजगार नहीं रहना चाहिए। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने उत्तराखंड संस्कृत विवि में इंडियन एसोसिएशन ऑफ योगा और योग विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि यह बातें कही। उन्होंने इसके लिए विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल को सक्रिय भूमिका में सहयोग देने का निर्देश दिया। कहा कि उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय और आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिक मिलकर एआई संस्कृत पर काम कर रहे हैं और जल्दी इस पर दोनों संस्थानों को इस प्रोजेक्ट में सफलता हासिल होगी।

प्लेसमेंट ड्राइव में पतंजलि के 24 छात्रों का हुआ चयन-पतंजलि विश्वविद्यालय में रविवार को प्लेसमेंट ड्राइव एमएससी, बीएससी, बीए, पीजीडीवाईए और पीजीडी वाईएस 24 छात्रों का चयन अनंत योगलय केयर के लिए किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विनय कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ करियर के बेहतर अवसर प्रदान करना है। प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.70 लाख की ठगी

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** लोक निर्माण विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने अपने रिश्तेदारों सहित कई लोगों से 3.70 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों को सरकारी नौकरी के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजे गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कृष्णानगर कनखल निवासी प्रतीक मदान पुत्र नवनीत लाल मदान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह नौकरी की तलाश में थे। इसी बीच पिछले साल जुलाई में उनके मकान में किराये पर रहे हिमांशु कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी ग्वाटोली, कपकोट, बागेश्वर से अच्छी बातचीत हो गई थी। आरोप है कि हिमांशु ने उत्तराखंड शासन में अच्छी पहुंच होने का दावा किया और प्रतीक को लोक निर्माण विभाग चंबा में लिपिक के पद पर नौकरी लगवाने के लिए डेढ़ लाख रुपये मांगे। प्रतीक ने पैसे दे दिए, लेकिन नौकरी नहीं मिली।

वहीं जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स ने पूर्व विधायक चौंपियन अभद्र व्यवहार का आरोप लगाकर लिखित शिकायत की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि शिकायत मिलीहै। जिला जेल में बंद चल रहे पूर्व विध ायक प्रणव चौंपियन की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें 15 फरवरी को देरात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तभी से पूर्व विधायक का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोप है कि चौंपियन पूर्व में महिला चिकित्सक से लेकर अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से उलझ चुके हैं। इसकी मौखिक शिकायत स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से अस्पताल प्रशासन से की गई थी।

## गोदाम से लाखों का माल चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** गोदाम से लाखों रूपए के कंबल, बेडशीट चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुकान कर्मचारी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ है। दुकान के गोदाम से चोरी किया गया माल आरोपी कर्मचारी के भाई की दुकान पर बेचा जा रहा था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गोदाम से लाखों रूपए के कंबल, बेडशीट चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रेलवे रोड पर काली कमली वाली धर्मशाला के समीप कंबल की दुकान चलाने वाले शम्भू नाथ शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर मुकद्मा दर्ज कराया था। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब दुकान स्वामी का पुत्र किसी काम से गाजीवाली गया और वहां एक दुकान पर अपने गोदाम का मामला बिकता देखा। वापस आकर उसने गोदाम में जांच पड़ताल की तो लाखों का माल गायब मिला। इसके बाद दुकान स्वामी ने कर्मचारी राजेन्द्र सिंह पुत्र बैशाख सिंह निवासी गली न. -6 निकट विमल कोठी कांगडी थाना श्यामपुर को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकद्मा दर्ज कराया। मुकद्मा दर्ज करने के बाद पुलिस टीम ने नामजद आरोपी राजेन्द्र सिंह व उसके सगे भाई कुलदीप निवासी गाजीवाली बालाजी घाम थाना श्यामपुर हरिद्वार को दबोच लिया। पूछताछ करने पर 22 वर्षो से दुकान में नौकरी कर रहे राजेन्द्र ने बताया कि उसने लालच में आकर दुकान में काम करने वाले दूसरे कर्मचारी दीपक के साथ मिलकर दुकान व गोदाम से शॉल, कम्बल, जैकेट आदि सामान का गबन किया। गबन किए गए माल को गाजीवाली श्यामपुर में दुकान चलाने वाला उसका छोटा भाई कुलदीप खरीद लेता था और अपनी दुकान बिक्री करता था। फरार चल रहे कर्मचारी दीपक की पुलिस तलाश कर रही है।

आरोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम में एसआई सतेन्द्र भण्डारी, हेडकांस्टेबल संजीव राणा, कांस्टेबल आनन्द तोमर शामिल रहे।

## अल्फाबेट स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** अल्फाबेट स्कूल का वार्षिकोत्सव भारत सेवा श्रम संघ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्फाबेट स्कूल का वार्षिकोत्सव भारत सेवा श्रम संघ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महंत रामानंद, विधायक मदन कौशिक, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, पार्षद शुभम मंडोला, एसएम स्कूल के प्रबंधक अभिजीत पवार, डा.अरुण कौशिक, नीरा कौशिक, कृष्णा कौशिक, दिव्या कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदनाकी प्रस्तुति और नृत्य प्रस्तुति द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों में मोबाइल की लत पर संदेश परक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। एडवोकेट विकास शर्मा, एडवोकेट वैभव शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के विद्यार्थियों अंशुमान, कौशिकी, वेद कौशिक, अद्विका अर्वंतिका, हरितवी, अथर्व, राघव, तीर्थ वर्मा, हर्षित गर्ग, ध्रुव शर्मा, शिवाय, पारस, अथर्व भटनागर, अरिहंत, अजितेश, लविश एवं अभिभावकों ने सहयोग दिया।

### राजलोक विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों का किया चयन

## विपिन गुप्ता अध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार बने सचिव

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** राजलोक कॉलोनी में आम सभा का आयोजन कर सर्वसम्मति से राजलोक विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें विपिन गुप्ता अध्यक्ष एवं धीरेंद्र कुमार सचिव चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं सचिव धीरेंद्र कुमार ने सभी कालोनीवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द कार्यकारिणी एवं संरक्षक मंडल का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर कालोनी के हित में कार्य करेंगे। कालोनी की सुरक्षा, बिजली, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधि कारियों से मिलकर समस्याओं को दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी कालोनी एक परिवार है। परिवार को एकजुट कर कालोनी का विकास किया जाएगा। कॉलोनीवासियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। बैठक में कॉलोनी में निवास करने वाले 200 से अधिक परिवारों के मुखिया उपस्थित रहे।



## पालिका अध्यक्ष ने किया मंडल अध्यक्षों का स्वागत

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा के कैम्प कार्यालय में नवनियुक्त शिवालिक नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी और केशव नगर मंडल अध्यक्ष बिन्दर पाल का पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के विकास के लिए कठिन परिश्रम करेंगे और जनता के बीच पार्टी का विश्वास और समर्थन बढ़ाएंगे।



जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा के कैम्प कार्यालय में नवनियुक्त शिवालिक नगर मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। राजीव शर्मा ने कहा कि कैलाश भंडारी और बिन्दर पाल का चयन पार्टी के प्रति उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को देखते हुए किया गया है। उनके नेतृत्व में हम शिवालिक नगर और केशव नगर क्षेत्रों में न केवल पार्टी को मजबूती देंगे। बल्कि जनता के बीच भरोसा और विकास की नयी राह खोलेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों मंडल अध्यक्ष मिलकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को हर घर तक पहुंचाएंगे और जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। नवनियुक्त शिवालिक नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक बार पुनः दूसरी बार बड़ी जिम्मेदारी है। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि हर व्यक्ति को पार्टी की योजनाओं का लाभ मिले और समाज के सभी वर्गों तक हमारी पहुंच हो। केशव नगर मंडल अध्यक्ष बिन्दर पाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के विकास के लिए कठिन परिश्रम करेंगे और जनता के बीच पार्टी का विश्वास और समर्थन बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर निवर्तमान सभासद पंकज चौहान व अजय मलिक, गौरव रोतेला, संचित डागर, रवि वर्मा, रिषभ शर्मा, अंशुल शर्मा, गौरव गुजर, वेदांत चौहान, रविन्द्र उनियाल, सुधांशु राय, पदम राजपूत, नितेश सिंह, अवनीश मिश्रा, सौरभ चौहान, गौरव चौहान, सौरभ सक्सेना, विशाल, रितेश गौड, दीपक, मोहित शर्मा, प्रणय चौरसिया, विक्रम बहल, विपुल चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वादकारियों को शीघ्र न्याय दिलाने का कार्य करें : सुधांशु

संवाद सहयोगी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड जजेज संगठन का वार्षिक समारोह देहरादून के दून विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने कहा कि न्यायाध ीशों को केवल विधिक ज्ञान की आवश्यकता नहीं, बल्कि समाज के सभी पहलुओं को जानने के लिए अन्य विषयों का अध्ययन भी उसी प्रकार से करना चाहिए,जिस प्रकार वह विधि का ज्ञान अर्जित करते हैं। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति धूलिया ने उत्तराखंड के जजेज संगठन को शुभकामनाएं देते हुए न्यायिक अधिकारियों से कहा कि न्यायपालिका के समक्ष वादकारी एक उम्मीद से आते हैं,न्यायाध ीशों का दायित्व है कि विवादित मामलों का निस्तारण शीघ्रता पूर्वक करने के साथ विचाराधीन वादों में लंबी तिथियां दिए जाने के दृष्टिकोण को बदलें। उन्होंने विधि वेत्ता अहरोन बराक का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायाधीशों का विचारण हर वाद में होता है,इसलिए न्यायाधीशों को अपना न्यायिक दृष्टिकोण विस्तृत रखना चाहिए

वहीं गुरुकुल कांगड़ी विवि में भेषज विज्ञान विभाग के बीफार्मा और डीफार्मा के छात्रों ने विकास भवन में आयोजित फार्मा एक्सपो का भ्रमण किया। एक्सपो में आने वाली विभिन्न कंपनियों के विविध उत्पादों जैसे मशीन, उपकरण आदि की नवीनतम जानकारी छात्रों को प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उपकरणों की गतिविधियों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सूचनाओं को वहां पर उपस्थित संबंधित स्टाफ ने विस्तार से छात्रों को दिया गया। इस दौरान विभाग के शिक्षक तरुण कुमार, राहुल सिंह, ओम प्रकाश जोशी, डॉ. रोशन लाल आदि ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## मारपीट में क्रॉस मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** मामूली बात को लेकर तीर्थ पुरोहितों के परिवार के युवकों के बीच मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने ज्वालापुर कोतवाली में एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला देवतान निवासी धर्मेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह पुल जटवाड़ा पर खड़ा हुआ था, तभी चिराग और पराग निवासी मोहल्ला चाकलान ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि चिराग ने ईंट उठाकर उसके सिर में मार दी। इससे वह घायल हो गया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**रुड़की।** पुलिस ने बताया कि शनिवार को गंगनौली से थोड़ा पहले एक ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आने से बाइक सवार 35 वर्षीय अंकित पुत्र राकेश निवासी पोड़ोवाली थाना खानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर का चालक वाहन सहित वहां से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अंकित लक्सर से अपने गांव की ओर जा रहा था। लक्सर कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके बाद परिजन तहरीर देंगे तो मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## शिवपुरम पनियाला रोड पर क्षेत्रवासी जलभराव की समस्या से परेशान

# मेयर, नगर आयुक्त को मौके पर बुलाकर की समाधान की मांग

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** पनियाला रोड शिवपुरम में क्षेत्र के लोगों ने मौके पर मेयर और नगर आयुक्त को बुलाकर समस्याएं बताई। इस दौरान काफी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने समस्या के समाधान की मांग की। वहीं रहीमपुर के लोगों ने उस ओर पानी ले जाने का विरोध किया उनका कहना था कि खेतों में पानी भरने से फसल खराब होती है इसलिए समस्या का ऐसा समाधान हो जिससे किसी को परेशानी न हो।

रुड़की नगर निगम क्षेत्र के पनियाला रोड पर लंबे समय से जल भराव की समस्या बनी हुई है जिसके कारण पनियाला रोड स्थित शिवपुरम कॉलोनी की कई गलियां प्रभावित है। लोग कई बार समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं वहीं मेयर अनीता अग्रवाल के द्वारा



भी समस्या के समाधान का वादा चुनाव के दौरान किया गया था। आज क्षेत्र के लोगों के बुलावे पर मेयर अनीता अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी मौके पर पहुंचे जहां क्षेत्र के लोगों ने समस्या के स्थाई समाधान की मांग की और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने को कहा। स्थानीय निवासी सतीश शर्मा और चौधरी नेत्रपाल सिंह ने ने बताया कि पानी रेलवे लाइन के नीचे से ले जाकर शीला खाले से जोड़ने को कहा। वहीं बताया कि रहीमपुर के ग्रामीणों द्वारा पानी की निकासी को बंद किया है जिस कारण गलियों और घरों में पानी भरा जाता है। वहीं मौके पर मौजूद रहीमपुर के ग्रामीणों ने कहा कि पानी उनके खेतों में भरने के कारण फसलें खराब हो रही है इस पानी का स्थाई समाधान हो ताकि दोनों पक्षों में किसी को दिक्कत न हो। वहीं मेयर अनीता अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने स्थायी निरीक्षण किया और लोगों से राय ली कि इसका क्या समाधान हो सकता है। उन्होंने समस्या के समाधान का उचित आश्वासन दिया। इस मौके पर ललित मोहन अग्रवाल, पार्षद अनुराग त्यागी,सूरज नेगी, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने घोषित किए मंडल अध्यक्ष

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** भाजपा ने प्रदेश के सभी मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की है। प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास के अनुमोदन पर जिला चुनाव अधिकारी शैलेंद्र बिष्ट द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार रुड़की जिले के 6 विधानसभा में 13 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है इसके साथ ही मंडल प्रतिनिधि भी नियुक्त किए गए हैं। रुड़की विधानसभा में तीन और बाकी सभी मंडलों में दो अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। रुड़की विधानसभा के सिविल लाइंस मंडल में बृजमोहन सैनी को अध्यक्ष और आदर्श गुप्ता को प्रतिनिधि नियुक्त किया है,सुभाष गंज में अवनीश शर्मा अध्यक्ष और अमित सोनकर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। रामनगर मंडल में सुमित अग्रवाल अध्यक्ष और संजीव तोमर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं।भगवानपुर विधानसभा के डांडा में भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष,मुकेश साध प्रतिनिधि ,चुड़ियाला संदीप रघुवंशी अध्यक्ष, तेजपाल सिंह प्रतिनिधि नियुक्त किए गए। झबरेड़ा विधानसभा के कृष्णानगर में गुरजिंदर सिंह अध्यक्ष और विकास राणा प्रतिनिधि, पनियाला में आशीष कुमार अध्यक्ष और मनोज राणा प्रतिनिधि नियुक्त हुए हैं।पिरान कलियर के सुभाष नगर मंडल में संदीप पुरी अध्यक्ष अवनीश त्यागी प्रतिनिधि, पतंजलि में सुरेश सैनी अध्यक्ष और योगेंद्र चौधरी प्रतिनिधि नियुक्त हुए हैं। खानपुर विधानसभा के खानपुर में भगत सिंह अध्यक्ष और कृष्णपाल प्रतिनिधि, ढंडेरा में विकास पाल अध्यक्ष और सुबोध शर्मा प्रतिनिधि बने हैं। मंगलौर विधानसभा के मंगलौर मंडल में शोभित गुप्ता अध्यक्ष और अरविंद गोयल प्रतिनिधि नियुक्त हुए हैं। नारसन में राजीव राणा अध्यक्ष और भोपाल सिंह मलिक प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं।

# युवकों ने युवती व उसके पिता को मारपीट कर किया घायल

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** दुकान पर जा रही एक युवती के साथ दो युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर युवकों ने युवती के सिर पर लाठी डंडों से वार कर दिया। इसके बाद युवकों ने पीड़ित परिवार के घर में घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट में युवती व उसके पिता को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी वहाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 फरवरी को उसकी बहन शाईमा घर से दुकान पर सामान लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान दो आरोपियों ने उसे रोक कर अश्लील फबतिया कसते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब युवती ने आरोपियों का विरोध किया तो उन्होंने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें युवती के सिर में गंभीर चोट आई है। परिजनों द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद देर शाम को आरोपी उनके घर में घुस आए और पीड़ित के पिता के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आसपास के काफी लोग मौके पर एकत्रित होने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

वहीं शाहरुख की नगर में नाई की दुकान है। शनिवार को एक वयक्ति ने उससे शेविंग कराई। इसके बाद वह अपने बॉस की शेविंग कराने की बात कहकर शाहरुख को अपने साथ शेखपुरी की तरफ ले गया। आरोप है कि वहां करालट्टी निवासी सलमान व उसके कुछ दोस्त पहले से घात लगाए खड़े थे। उन्होंने शाहरुख पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर गया।

## शैफील्ड में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुभूति का समापन

# छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** शैफील्ड स्कूल रुड़की में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुभूति का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हुआ। स्कूल के प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि डॉक्टर नवीन खन्ना और उत्तराखंड पिथियन गेम के सचिव शिव प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि गीताराम जैदली रहें।

शैफील्ड स्कूल में चल रहा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को समापन हुआ। वार्षिकोत्सव का नाम अनुभूति रहा।जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र छत्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।इस दौरान छात्रों ने एक से




एक रंगारंग व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस वार्षिकोत्सव में भारतीय सभ्यता व परंपरा का रंग दिखाई दिया। छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों से प्राकृति व नारी शक्ति का महत्व बताया।दूसरे दिन छठी से नोवीं और ग्यारवीं के छात्रों ने देश व प्रदेशों की विभिन्न की परंपरा का प्रदर्शन किया।समारोह में सर्वप्रथम छात्रों ने नृत्य कर सभी का मनमोह लिया।सरस्वती वंदना ,राजिस्थानी, बंगाली ,साऊथ इंडियन,गढ़वाली ,बॉलीवुड, पंजाबी ,न्यू हिंदी मैशप, साबासियां,कलयुग एक्ट,आर्मी एक्ट, बंदे है हम उसके, मलंग सजना, तेरी दीवानी, घर मोरे पर्देशियां आदि बॉलीवुड और हॉलीवुड के गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी। जिससे सभी अतिथिगणों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान स्कूल के निदेशक डीके शर्मा और प्रधानचार्य रुचि रावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए अति आवश्यक हैं। छात्रों को पढ़ाई के साथ ऐसे कार्यक्रमों व गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए।शेफील्ड स्कूल ऐसे कार्यक्रम समय समय पर कराता रहता हैं। स्कूल के चेयरमैन राहुल विश्नोई ने बताया कि शैफील्ड स्कूल को तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु की और से 2023 में इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड प्रदान किया था।साथ ही क्रिकेटर रोहित शर्मा ने मुंबई एक कार्यक्रम में एजुकेशनल अवार्ड प्रदान किया था। जिसके अंतर्गत स्कूल राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर बच्चों को चहुंमुखी विकास प्रदान कर रहा है। वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।इस अवसर पर निदेशक डी के शर्मा, रूचि रावत , मोनिका, ममता, रिहान, बुशरा रहमान,अभिषेक,अंकुश ,शालिनी ,निकिता,दीपिका,शिवानी, संगीता,नुजहत,सरिता मित्तल ,अब्दुल कादिर,प्रिया ,आकांक्षा, स्वेता, सरिता, प्राची ,पलक,सीमा, अदिति , सानिया , बबीता, रूही नेहा,अरुणा, रुचि आदि छात्रों के अभिभावक मौजूद रहें।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक के साथ पकड़ा युवक

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** पुलिस ने अवैध स्मेक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब/स्मेक/चरस,गांजा और नशीली दवाइयों की तस्करी करने वाले खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैंशनिवार को एसआई विरेन्द्र सिंह नेगी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थेइस बीच मुखबिर ने सूचना दी एक व्यक्ति स्मेक बेच रहा है । सूचना पर सोहलपुर रोड पिरान कलियर से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।जिसके पास 4.22 ग्राम अवैध स्मेक बरामद हुई।पकड़े गए आरोपी ने पुलिस




पूछताछ में अपना नाम इखलाक निवासी पिरान कलियर बताया है।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।टीम में एसआई विरेन्द्र सिंह नेगी, प्रकाश मनराल ,इमरान अली शामिल रहे।

वहीं लंढौरा में रेत और मिट्टी का खनन करते एचएम और डंपर को सीज किया है। सोलानी नदी में डंपर से रेत का खनन किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस डंपर को पकड़ सीज कर दिया है। वहीं गाधारोणा के जंगल में एचएम लोडर से रेत और मिट्टी का खनन किया जा रहा था।

## रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की

# उत्तराखंड सरकार के भू कानून निर्णय की प्रशंसा

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** उत्तराखंड सरकार द्वारा परित भू कानून के निर्णय का रुड़की में कार्यरत उद्यमियों ने स्वागत किया है। केतन भारद्वाज, जिला संयोजक रुड़की, लघु उद्योग प्रकोष्ठ, भाजपा ने बताया कि देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा पास किया गया नया भू-कानून बहुत अच्छा कदम है। प्रदेश में सख्त भू कानून लागू होने के बाद अनियंत्रित भूमि खरीद बिक्री पर रोक लगेगी और राज्य के मूल स्वरूप भी सुरक्षित रहेंगे। देवभूमि की संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संतुलन और आम जनता के अधिकारों को लेकर बनाए सख्त भू-कानून से प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रहे जनसंख्या



बदलाव को रोकने में सहायता मिलेगी। उद्यमी अतुल शर्मा ने कहा कि नए भू कानून से हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर को छोड़कर बाकी 11 जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्तियों द्वारा कृषि और बागवानी के लिए भूमि की खरीद पर रोक लगाना एक अच्छा निर्णय है। उद्यमी धनंजय गर्ग ने बताया कि औद्योगिक प्रयोजन के लिए जमीन खरीद के नियमों को यथावत बनाए रखना अच्छा निर्णय है। इसके साथ ही हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर में कृषि-औद्यानिकी की जमीन खरीदने के लिए शासन स्तर से ही अनुमति लिए जाने से भूमि खरीद के दुरुपयोग को रोकने में सहायता मिलेगी। उद्यमी विजय शर्मा के अनुसार नगर निकाय क्षेत्रों को छोड़कर बाकी जगहों पर बाहरी राज्यों के व्यक्ति जीवन में सिर्फ एक बार आवासीय प्रयोजन के लिए 250 वर्ग मीटर भूमि खरीद अनुमति देना अच्छा कदम है। इससे लोगों की जीवन में अपने घर को निर्माण में जमीनों की अनावश्यक कीमतो के बढ़ने से आ रही समस्याओं और प्रदेश में बिगड़ रहे जनसंख्या संतुलन को रोकने में मदद मिलेगी। उद्यमी बीरेंद्र शुक्ला ने रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की और से उत्तराखंड सरकार के भू कानून निर्णय की प्रशंसा की और प्रदेश सरकार के इस निर्णय के लिए उन्हें संस्था की और से शुभकामनाएं व्यक्त की।

## पहाड़ व मैदान की राजनीति पर लगे रोक

# प्रेमचंद अग्रवाल को टारगेट करना करें बंद

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** केबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बयान के बाद शुरू हुए पहाड़ मैदान के नाम पर हो रही राजनीति में लगाम लगाने की मांग उत्तराखंड किसान मोर्चा ने की है। उन्होंने इस संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

तहसील पहुंचे उत्तराखंड किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मन्त्री प्रेमचंद अग्रवाल के मामले को लेकर जिस तरह पहाड- मैदान की राजनीति की जा रही है उत्तराखण्ड किसान मोर्चा इसकी घोर निन्दा करता है तथा पहाड़-मैदान के नाम पर मंन्त्री प्रेम चन्द अस्तवाल को टारगेट किया जा रहा है यह भी बन्द



होना चाहिए। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने कहा कि प्रदेश सबका है और सभी यहां परिवार की तरह रहते आए हैं।। इस तरह से प्रदेश का माहौल खराब करना ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राजनीति से प्रदेश में गलत भावना उत्पन होगी यो प्रदेश के लिए ठीक नही होगी। ज्ञापन देने वालों में चौ. राजपाल सिंह, चौ. मकर सिंह,आमिल हसन, मोहम्मद जफर,पप्पू भाटिया,दीपक पुण्डीर, वीरेन्द्र सैनी, धर्मेन्द्र कुमार,अब्दुल गनी आदि मौजूद रहे।

# स्त्रियों को अपनी लड़ाई लड़ने के लिए संघर्षमय रहना होगा

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** राजकीय महाविद्यालय मंगलौर हरिद्वार के अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत "महिला उद्यमिता एवं कौशल विकास सशक्त भारत के आर्थिक विकास का आधार" विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन का शुभारंभ किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित रही। संगोष्ठी के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर दिनेश शर्मा मुख्य वक्ता रहें। कार्यक्रम की पहले सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० प्रेमलता कुमारी द्वारा की गई. दीप प्रज्वलन और ईश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस संगोष्ठी की संयोजिका राजकीय महाविद्यालय मंगलौर की अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट



प्रोफेसर डॉ० रचना वत्स और आयोजन सचिव राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० तीर्थ प्रकाश रहें। आज की संगोष्ठी के प्रथम दिवस की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ० राम भरोसे द्वारा पहले दिन की रिपोर्ट विस्तार से प्रस्तुत की. इसके बाद कानपुर विश्वविद्यालय के विधि विभाग के शोध छात्र अंशु पांडे द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया. इसके बाद कार्यकम के विशेष अतिथि श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के अर्थशास्त्र विभाग से पधारे डॉ० अशोक मंडोला ने महिला उद्यमिता के विषय में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इस पुरुष समाज में स्त्रियों को अपनी लड़ाई लड़ने के लिए संघर्षमय रहना होगा. महिला उद्यमियों के लिए सरकार कई योजनाओं चलाई जा रही हैं. भारतीय महिला उद्यमी विश्व में एक एक मिशाल बन रही हैं.



# बहुउद्देशीय शिविर में दर्ज की 26 शिकायतें, 15 का मौके पर निस्तारण

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को दशोली विकासखंड के दूरस्थ गांव दुर्मी में उप जिलाधिकारी चमोली राजकुमार पांडेय की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान यहां क्षेत्रीय ग्रामीणों ने 26 शिकायतें दर्ज की। जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। दशोली ब्लॉक के दुर्मी गांव में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर निजमूला घाटी के दुर्मी, गौंणा, निजमूला, सैंजी, गाड़ी, पगना, झींझी, पांणा, ईराणी गांवों के ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर शिकायतें दर्ज की। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से सड़क, मनरेगा और क्षेत्र में पर्यटन विकास के कार्यों को लेकर समस्याएं व शिकायतें दर्ज की। दुर्मी की प्रशासक कविता देवी ने दुर्मी पैदल मार्ग पर पुल निर्माण व दुर्मी ताल के पुनर्निर्माण की मांग की। जिस पर जहां उप जिलाधिकारी ने पुल निर्माण के लिए वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं दुर्मी ताल पुनर्निर्माण को लेकर शासन स्तर पर कार्रवाई की बात कही गई। ईराणी गांव निवासी विजय सिंह ने पीएमजीएसवाई की ओर से निजमूला-पाणा-ईराणी सड़क पर निर्माणाधीन पुल के निर्माण को शीघ्र करवाने की मांग उठाई। जिस पर पीएमजीएसवाई अधिकारियों ने पुल निर्माण के लिए सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य करने की बात कही। दिनेश नेगी की ओर आपदा में क्षतिग्रस्त भवन के निर्माण के लिए सहायता दिए जाने, मोहन सिंह ने गौणा के सेराबगड़ तोक में बाढ सुरक्षा कार्य किए जाने, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य माहेश्वरी देवी ने प्राथमिक विद्यालय दुर्मी में निर्मित कीचन का सुधारीकरण करने, पगना के प्रतापी लाल ने पगना लिंक रोड़ निर्माण, छप्पीलाल ने सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त खेतों का मुआवजा दिए जाने और विजय सिंह ने वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को जारी नोटिस में शिथिलता दिए जाने की मांग की। जिस पर उप जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच शिविर भी आयोजित किए गए। इस दौरान यहां 195 ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य जांच की सुविधाओं का लाभ लिया। जिसमें 75 ग्रामीणों की रक्त जांच, 2 लोगों का टीकाकरण किया गया। जबकि 3 ग्रामीणों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही होम्योपैथिक ने 101 तथा आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने 117 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की। पशुपालन विभाग की ओर से 54 पशुपालकों को दवाइयां, कृषि विभाग ने 13 ग्रामीणों को कृषि यंत्र और उद्यान विभाग की ओर से 10 काश्तकारों को कृषि औजार उपलब्ध कराएं गए। इस दौरान राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण, वन विभाग, सैनिक कल्याण, पशुपालन विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई।

## कर्णप्रयाग के आपदा प्रभावितों को मुआवजा दने की मांग उठाई

**चमोली।** नगर पंचायत कर्णप्रयाग के अंतर्गत बहुगुणानगर एवं सुभाषनगर के आपदाग्रस्त आवासीय भवनों का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर प्रभावितों व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक अनिल नौटियाल को ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, हरीश चौहान, रामदयाल, दिगपाल बिष्ट, सिद्धार्थ शंकर एवं पुष्कर रावत ने कहा कि 38 आपदा प्रभावित परिवार पिछले दो सालों से क्षतिग्रस्त भवनों का मुआवजा देने की मांग की कर रहे हैं, लेकिन उनकी इस जायज मांग को कोई सुनने को तैयार नहीं है। कहा गया कि अगर बरसात से पहले उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, उन्होंने कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल से भी पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र मुआवजा दिलाने की पुरजोर मांग उठाई। कहा गया कि चार परिवारों को एनएचआईडीसीएल द्वारा पहले ही क्षतिग्रस्त भवनों का मुआवजा प्रदान किया जा चुका है। ऐसे में छूटे गए शेष परिवारों को मुआवजा न देकर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। जबकि जिलाधिकारी चमोली द्वारा उनके क्षतिग्रस्त भवनों का मूल्याकन कर शासन को प्रेषित किया जा चुका है। अब शासन स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा उनके क्षतिग्रस्त भवनों का मुआवजा दिलाया जाना शेष है। क्षतिग्रस्त भवनों में कई परिवार अपनी जान की बाजी लगाकर रह रहे हैं।

## कर्णप्रयाग के नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया

**चमोली।** सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से पालिका सभागार में कर्णप्रयाग में नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष बृजेश बिष्ट का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनावों के लिए पार्टी संगठन को मजबूत कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही जल्द कार्यकारिणी बनाई जाएगी और नगर पालिका चुनाव में जिन लोगों ने पार्टी के खिलाफ काम किया उनको सर्वसम्मति से पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गणेश शाह, सुभाष चमोला, चेतन मनोड़ी, लक्ष्मी जोशी, हरीश सती, राजा चौहान, रहीम सिद्दीकी, सीता देवी, सीमा देवी, आशा डिमरी, देवेंद्र खंडूड़ी, दीपा भट्ट, मध रावत आदि थे।

# वन मंत्री उनियाल ने क्षेत्र भ्रमण कर समस्याएं सुनी

**संवाद सहयोगी**

**नई टिहरी।** वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेन्द्रनगर प्रखंड के तहत क्यार्की व नीर ग्राम पंचायतों के सघन भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं की मौके पर सुनवाई कर उनके तत्काल व प्रभावी निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थलीय जानकारी, नागरिक सुविधाओं के लाभ व सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादन के संबंध में ग्रामीणों को मौके पर सुना। इस दौरान वन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण जनता की समस्याओं को सकारात्मक तौर पर निस्तारण का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में विधायक निधि से कराए जा सकने वाले लगभग 30 लाख रुपये तक की लागत के विकासशील कार्यों की स्वीकृति भी दी। इसके अलावा तपोवन क्षेत्र में रुपये 1219.93 लाख की लागत से लक्ष्मणझूला से गऊघाट व व आस्था पथ के शिलान्यास का मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। बताया कि सिंचाई विभाग का नरेन्द्रनगर खंड इस कार्य को पूरा करेगा।

वहीं जनपद में 300 से अधिक ग्राम पंचायतों में वनाग्नि का खतरा है। डीएफओ आशुतोष सिंह ने बताया कि जिले में 1600 से अधिक वन पंचायतें हैं। इनमें 300 से अधिक ग्राम पंचायतें वनाग्नि की दृष्टि से अतिसंवेदनशील हैं।




# बारह लोगों को मिला प्रतापनगर जनभूषण और जनश्री सम्मान

**संवाद सहयोगी**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 लोगों सहित पूर्व प्रमुख पूर्ण चंद रमोला को प्रतापनगर जनभूषण व जनश्री सम्मान से नवाजा गया। सम्मान प्रदान करने सभी लोगों ने मंच का आभार जताया। मुख्य अतिथि ब्लॉक के प्रशासक प्रदीप चंद रमोला ने कहा कि सम्मानित जन हमेशा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का काम करेंगे।

अटल आदर्श राजकीय इण्टर कॉलेज लंबगांव में रविवार को आयोजित सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि निर्वतमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने अतिथियों के साथ दीप जलाकर किया। शुभारंभ पर जीआईसी लंबगांव, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अटल आदर्श राजकीय इण्टर कालेज सहित विभिन्न स्कूलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। स्कूली छात्रों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों ने खूब सराहा। जिसके बाद ब्लॉक के प्रशासक प्रदीप चंद रमोला सहित उपस्थित जनों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 लोगों को सम्मान वितरित किए। इस मौके पर प्रतापनगर जनश्री सम्मान से नवाजे पूर्व प्रमुख पूरण चन्द रमोला ने कहा कि मैंने अपने प्रमुख के कार्यकाल में सदेव निस्वार्थ भाव से कार्य किया है और जो भी सम्मान जनता से मुझे मिला उसका में आभारी हूं। प्रतापनगर जनश्री सम्मान से नवाजे अध्यापक सरोप सिंह पंवार ने कहा कि आज मुझे इतना बड़ा सम्मान प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच ने दिया है। मंच ने प्रतापनगर जनभूषण सम्मान से स्व. खुशहाल सिंह रागड़ व साहित्यकार लीलाधर जगूड़ी को नवाजा। जबकि प्रतापनगर जनश्री सम्मान से सरोप सिंह पंवार, ममता पैन्यूली जोशी, हर्ष मणि व्यास, नत्थी लाल नौटियाल, पूरण चन्द रमोला, गगोत्री देवी, चंदन सिंह पवार, ध्यान सिंह रावत, रणवीर सिंह पवार, स्वर्गीय पूरण लाल को नवाजा गया। प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच ने सभी सम्मान पाने वालों को पुष्प गुच्छ से स्वागत कर अंग वस्त्र, व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष धूम सिंह रागड़, महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट, पुर्व जिला पंचायत सदस्य मुरारी लाल खंडवाल, कार्यक्रम समन्वयक रमेश कुड़ियाल, सभासद मनीषा बिष्ट, देवी सिंह पवार, पुरुषोत्तम पंवार, कुंवर चंद आदि मौजूद रहे।

साहित्यकार पंत को किया गया सम्मानित-जिले के 65वें स्थापना दिवस पर वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षक पद्मा दत्त पंत को सम्मानित किया गया। सोमवार को लुंठ्यूडा में सामाजिक सरोकारों से जुडे जुगल किशोर पाण्डे की पहल पर पगड़ी व धार्मिक पुस्तक भेंट कर पंत को सम्मानित किया। पिथौरागढ़ के इतिहास को लेकर पंत काफी जानकारी रखते हैं और उनकी कई पुस्तकें भी इसस संबंध में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस दौरान बासु पाण्डे, नरेंद्र नगरकोटी,दर्शन वाल्मीकि,सोनम पाण्डे मौजूद रहे।

# नदियों को पुर्नजीवित करने की कवायद शुरू

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** नदियों, गदेरों, ग्लेशियरों और नौलों, धाराओं वाले चमोली जिले में जल समृद्धि के क्षेत्र में रचनात्मक कवायद शुरू हो गई है। यदि सब कुछ सही रही रहा और विभागों ने धरातल पर कार्य किया तो चमोली जिला उत्तराखंड में जल समृद्धि का बड़ा क्षेत्र बन सकेगा। डीएम डॉ. संदीप तिवारी ने स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) की बैठक में नदियों, गदेरों, नौले और धाराओं की स्थिति का फीड बैक लिया है। चमोली जिले में प्राकृतिक जल स्रोत नौले-धारे और नदियों के जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए विलुप्ति की कगार पर आई नदियों को पुर्नजीवित करने और सूखने की स्थिति में आए गदेरों और नौले, धारों के पुर्नउद्धार की समीक्षा डीएम स्वयं कर रहे हैं। नदियों के जल संरक्षण की महत्वपूर्ण बैठक में समिति की ओर से महत्वपूर्ण नौ योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएम ने कहा कि वन, सिंचाई और पेयजल विभाग मिलकर जल संवर्धन के लिए चिन्हित जल स्रोतों के पूरे क्षेत्र का सर्वे करते हुए ठोस योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने करना अनिवार्य है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता और सारा के नोडल अधिकारी अरविंद सिंह नेगी ने बताया कि जिला सारा समिति को आवंटित 2 करोड़ की धनराशि में से सहायक नदियों और गदेरों के रिज्यूविनेशन के लिए 91.33 लाख की योजनाओं को धनराशि आवंटित की जा चुकी है। बताया कि 1 करोड़ से उपर की 2 बडी परियोजनाएं केदारनाथ वन प्रभाग के अन्दर सूगी गदेरा व मोथूगाड के लिए डीपीआर गठन की प्रक्रिया गतिमान है।



# पौड़ी जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं ठीक की जाएं

**संवाद सहयोगी**

**पौड़ी।** नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने जिला अस्पताल पौड़ी की अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठाई है। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से जिला अस्पताल पौड़ी में नियमित चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ की तैनाती सहित हर सुविधा के सुचारु संचालन की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार जल्द नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। समिति ने पौड़ी में ग्रीष्मोत्सव व शरदोत्सव के आयोजन की मांग भी उठाई। पौड़ी में नागरिक कल्याण एवं जागरुक विकास समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत व संयोजक नरेश नौडियाल ने बताया कि जिला अस्पताल पौड़ी को पीपीपी मोड से हटे हुए 50 दिन बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक अस्पताल में नियमित विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात नहीं हो पाए हैं। यहां फिजिशियन, सर्जन, महिलारोग विशेषज्ञ, हड्डी, पैथोलॉजिस्ट सहित बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं। कहा अस्पताल में तकनीकी स्टॉफ, सफाई कर्मियों, वार्ड ब्वाय के पदों पर नियुक्ति भी व्यवस्था के हवाले है। कहा सस्ती जेनरिक दवाओं के लिए पीएम जनऔषधि केंद्र खोला गया है। लेकिन केंद्र खाली पड़ा है। जिससे यहां मरीजों का इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में व्यवस्थाएं जल्द चाक-चौबंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। समिति ने सीएम को ज्ञापन भी भेजा। दूसरी ओर समिति पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष पौड़ी से मुलाकात कर पौड़ी में ग्रीष्मोत्सव व शरदोत्सव के आयोजन की मांग की। कहा उक्त महोत्सव पौड़ी की सांस्कृतिक विरासत के अभिन्न पहलू हैं, लेकिन वर्षों से दोनों महोत्सव आयोजित नहीं हो पा रहे हैं।

## बिना मंजूरी नहीं लगाया जाएगा ग्रीष्मकालीन धान

**रुद्रपुर।** गिरते भूजल स्तर से चिंतित जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान बिना मंजूरी के नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने सभी एसडीएम को कृषि विभाग, ग्राम्य विकास व लेखपालों से क्षेत्रों का भ्रमणकर ग्रीष्कालीन धान के विकल्प के बारे में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कोई किसान बिना मंजूरी ग्रीष्मालीन धान की बुआई नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने सोमवार को जिला सभागार में बैठक के दौरान कहा कि बिना अनुमति के ग्रीष्मकालीन धान की बुआई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। कहा जिन किसानों के ग्रीष्मकालीन धान बुआई के आवेदन आये हैं उनकी भूमि सर्वे जांचकर अनुमति दें।

# अरुणांचल प्रदेश के प्रतिनिधि मण्डल ने किया टिहरी बांध का भ्रमण

**संवाद सहयोगी**

**नई टिहरी।** अरुणाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमण्डल ने टिहरी बांध परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों एवं बांध प्रभावित क्षेत्रों, पुनर्वास स्थलों, नई टिहरी शहर एवं परियोजना प्रभावित ग्रामों का भ्रमण किया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भारत सरकार एवं अरुणाचल प्रदेश सरकार ने विद्युत क्षेत्र में विद्युत उत्पादन के लिए अरुणाचल प्रदेश के लोहित घाटी में कलाई-टू 1200 मेगावाट जल विद्युत परियोजना को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में टिहरी बांध का भ्रमण प्रतिनिधिमंडल ने किया। अरुणाचल प्रदेश के जिला हवाई अंजा के डीएम मिलो कोजिन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधिमण्डल भ्रमण में शामिल रहे। प्रतिनिधिमण्डल का उदेश्य टिहरी बांध परियोजना का निर्माण एवं परियोजना से हुए पुनर्वास एवं विकास संबंधी जानकारी लेना रहा। प्रतिनिधिमण्डल ने टिहरी बांध का निर्माण किस प्रकार से हुआ है तथा परियोजना निर्माण से हुए प्रभावित परिवारों का पुनर्वास एवं विकास किस तरह से किया गया है। परियोजना स्थलों के भ्रमण एवं पुनर्वास किए गए स्थलों के बारे में जानकारी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारीगणों से प्राप्त की। जिससे कलाई-टू परियोजना से बांध प्रभावित परिवारों का बेहतरीन पुनर्वास एवं विकास किया जा सके। टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने प्रतिनिधि मण्डल का स्वागत करते हुए बांध निर्माण एवं पुनर्वास संबंधी सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराया एवं अरुणाचल प्रदेश में अन्य परियोजनाओं को लेने तथा निर्माण हेतु चर्चा की। परियोजना भ्रमण एवं पुनर्वास स्थलों के भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमण्डल द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की टिहरी परियोजना निर्माण के कार्यस्थलों, भूमिगत पावर हाउस एवं टिहरी जलाशय के आसपास के बांध प्रभावित क्षेत्रों तथा पुनर्वासित नई टिहरी शहर के विभन्न स्थलों का निरीक्षण टीएचडीसी अधिकारियों के साथ किया गया। टीएचडीसी अधिकारियों ने टिहरी बांध निर्माण एवं परियोजना से प्रभावित गांवों तथा पुनर्वास संबंधी जानकारी से प्रतिनिधिमण्डल को अवगत कराया। प्रतिनिधिमण्डल ने टिहरी बांध निर्माण एवं पुनर्वास के किए गए कार्यों की सराहना की।

# वन निदेशक पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** फॉरेस्ट मिनिस्ट्रीयल एशोसिएशन जनपद चमोली ने मुख्यमंत्री और प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव देहरादून को पत्र भेजकर नन्दा देवी बायोस्फियर रिजर्व में तैनात वर्तमान निदेशक एवं वन संरक्षक का एक सप्ताह के अंदर स्थानान्तरण करने की मांग की है। अपने भेजे पत्र में फॉरेस्ट मिनिस्ट्रीयल एशोसिएशन ने आरोप लगाया है कि जनपद चमोली में तैनात निदेशक एवं वन संरक्षक द्वारा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा। अपने भेजे पत्र में एशोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर उपरोक्त अधिकारी का स्थानांतरण नहीं हुआ तो वन विभाग जनपद चमोली के समस्त संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रर्दशन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं विभाग की होगी। ज्ञापन पर संगठन के संरक्षक बीरेन्द्र सिंह नेगी, अध्यक्ष प्रकाश नेगी, उपाध्यक्ष सुधांशु कपरवांण एवं अनूप कुमार, महामंत्री कुलदीप खंडूडी, सचिव सुमित बिष्ट आदि के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन की प्रति वन मंत्री एवं क्षेत्रिय विधायक को भी भेजी गई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं सम्पादक **एम हसीन** द्वारा परम नागरिक प्रकाशन, 449 (254) शेखपुरी, रुड़की-247667 जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के लिए ए के प्रिंटर्स खान मार्केट शहाबुद्दीनपुर रोड लद्धावाला, मुजरफ्फरनगर से मुद्रित एवं 449 (254) शेखपुरी, रुड़की-247667 जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित। सम्पर्क : 9997178556 ई-मेल : paramnagrik2013@gmail.com, hasin.m1@gmail.com
सभी वादों का न्याय क्षेत्र रुड़की ही मान्य होगा। प्रकाशित समाचार सामग्री का प्रेस से कोई सम्बंध नहीं है।




# अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों का कार्य बहिष्कार जारी

**संवाद सहयोगी**

**रुद्रपुर।** सितारगंज उप निबंधक कार्यालय के अधिवक्ता और दस्तावेज लेखकों ने यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण एवं वसीयतनामा की प्रक्रिया को सीएससी को देने के विरोध में कार्य बहिष्कार तीसरे दिन भी जारी रखा। सोमवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शासन ने रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यों की प्रक्रिया जटिल कर दी है। अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन किया गया है। भविष्य में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पेपरलेस करने का विरोध किया। कहा कि भविष्य में उप निबंधक कार्यालय से जुड़े अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक बेरोजगार हो जाएंगे। यहां अधिवक्ता सौरभ सक्सेना, गौरव सक्सेना, महेंद्र सिंह बसनाल, अनिल सिंह राणा, मो. फैसल, आजम अली, कमल समद्दार, कौशल सक्सेना, जयमल सिंह कालसी, पूरन सिंह फर्त्याल, मो. जाकिर, गौरव बेलवाल, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

वहीं अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट बढ़ाने की मांग को लेकर स्थानीय पार्षदों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद से ही स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद भी यहां डायलिसिस जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में, किडनी रोगी हंस फाउंडेशन के डायलिसिस सेंटर पर निर्भर हैं, जहां केवल 6 यूनिट हैं। इसकी वजह से कई मरीजों को हल्द्वानी या अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। पार्षदों ने मांग की है कि एक महीने के भीतर मेडिकल कॉलेज में कम से कम 24 यूनिट का डायलिसिस सेंटर शुरू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में पार्षद वैभव पांडेय, दीपक कुमार, अनूप भारती, प्रदीप चंद्र आर्य और इंतिखाब कुरेशी शामिल रहे।

## ज्ञानप्रकाश संस्कृत पुस्तकालय में काव्य गोष्ठी हुई

**पिथौरागढ़।** नगर के न्यू बजेटी स्थित ज्ञानप्रकाश संस्कृत पुस्तकालय में मासिक काव्य गोष्ठी हुई। डॉ. पीतांबर अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित काव्य गोष्ठी के दौरान कवि डॉ. आनंदी जोशी, लक्ष्मी आर्या, मंजुला अवस्थी, अनीता जोशी, डॉ. नीरज चंद्र जोशी, डॉ. अवस्थी ने अपने सुंदर काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही उन्होंने समाज में फैली बुराईयों को भी अपनी कविताओं के जरिए लोगों के समक्ष रखा। संचालन लक्ष्मी आर्या ने किया। यहां जया लोहनी, हेमा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक मनोज तिवारी ने की मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट बढ़ाने की मांग

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने देहरादून में स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार से मुलाकात कर अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट बढ़ाने की मांग की। इस पर स्वास्थ्य सचिव ने तत्काल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सी. पी. भैसोड़ा से दूरभाष पर बात कर डायलिसिस यूनिट बढ़ाने के निर्देश दिए। विधायक तिवारी ने बताया कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित डायलिसिस सेंटर में केवल 6 यूनिट हैं, जबकि 50 से अधिक किडनी रोगियों को अभी भी डायलिसिस के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। इससे मरीजों को हल्द्वानी या अन्य मैदानी क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें शारीरिक और आर्थिक परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कॉलेज प्राचार्य से बात की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब स्वास्थ्य सचिव के निर्देश के बाद उम्मीद है कि जल्द ही डायलिसिस सुविधा बढ़ेगी। तिवारी ने कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस सुविधा बढ़ने से बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, रानीखेत, चौखुटिया, द्वाराहाट जैसे क्षेत्रों के किडनी रोगियों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज की स्थापना पर्वतीय क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से की गई थी और वे इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

वहीं कनालीछीना थाने का सीओ कुंवर सिंह रावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाना, थाना कार्यालय, आर्म्स-एम्यूनिशन, आपदा उपकरण, अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के बारे में भी जानकारी ली। बाद में उन्होंने थाने में नियुक्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सम्मेलन आयोजित कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

## प्राध्यापक-छात्रों ने मिर्थी नदी में सफाई अभियान चलाया

**पिथौरागढ़।** संत नारायण स्वामी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई ने मिर्थी नदी में सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य प्रो. प्रेमलता पंत के निर्देश पर प्राध्यापको, कर्मचारियों, छात्र-छात्राएं व स्थानीय लोग मिर्थी नदी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नदी किनारे बिखरी गंदगी को एकत्र कर निस्तारण किया। उन्होंने ग्रामीणों को भी जल व नदियों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। यहां डॉ. पंकज भट्ट, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. सुधीर तिवारी, डॉ. प्रमोद कोठारी, नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ. दिनेश कोहली, जमन सिंह, डॉ. टीका, डॉ. अनुलहुदा, डॉ. विवेक, डॉ. बबीता, डॉ. मनीष, डॉ. मनोज, राजेंद्र कन्याल, संजय, मनोज रावत, सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# हादसे में साथी के घायल होने पर कांवड़ियों ने लगाया तीन घंटे जाम

**संवाद सहयोगी**

**रुद्रपुर।** एनएच-74 पर सोमवार को रुद्रपुर-किच्छा के बीच देवरिया के निकट एक बाइक ने कांवड़िए को टक्कर मार दी। इससे कांवड़िया घायल हो गया, जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसे से गुस्साए कांवड़ियों के जत्थे ने किच्छा और ग्राम बरा में सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्राप्ज जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही प्रभारी कोतवाल निशा यादव मौके पर पहुंचीं और कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी और एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा भी पहुंच गए और आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा देकर कांवघड़ियों को जाम खोलने के लिए राजी कर लिया। बीती 19 फरवरी को हरिद्वार की हर की पौड़ी से गंगाजल लेकर ग्राम गबिया, माधोटांडा पीलीभीत का लगभग तीन सौ कांवड़ियों का जत्था अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ था। सोमवार सुबह लगभग आठ बजे रुद्रपुर-किच्छा के बीच गुजर रहे कांवड़ियों के जत्थे में देवरिया के निकट एक बाइक सवार घुस गया। बाइक की टक्कर लगने से जत्थे में कांवड़ लेकर आ रहा उत्तम पुत्र धर्मा मंडल निवासी ग्राम गबिया माधोटांडा घायल हो गया। जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसे से कांवड़ियों में आक्रोश फैल गया। टोल प्लाजा की एंबुलेंस से उत्तम को रुद्रपुर अस्पताल ले जाया गया। इधर, आरोपी बाइक चालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कांवड़िए सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। जबकि दूसरी लेन में उन्होंने अपने कैंटर आड़े-तिरछे खड़े कर दिये। इस कारण एनएच पर दोनों ओर जाम लग गया। सूचना मिलते ही आईपीएस प्रशिक्षु प्रभारी कोतवाल निशा यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया।

कांवड़ियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके लिए एक लेन सुरक्षित नहीं की है और यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सड़क पर पुलिस की तैनाती भी नहीं है। इसके कारण दुर्घटना हुई है। कहा कि यूपी क्षेत्र में कांवड़ियों के लिए एनएच की एक लेन सुरक्षित की गई है। उन्होंने पुलिस पर कांवड़ियों के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया और आरोपी बाइक चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस के समझाने के बावजूद कांवड़िए अपनी मांग पर अडिग रहे। सूचना मिलते ही एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन के तीन घंटे के मान-मनौव्वल के बाद कांवड़िए आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के भरोसे पर जाम खोलने को तैयार हो गए। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# नंदा गौरा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक में आवेदनों के हुए परीक्षण

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड सरकार की नंदा गौरा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में नंदा गौरा योजना के अंतर्गत 12वीं पास बालिकाओं के लिए 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता एवं बालिकाओं के जन्म पर दिए जाने वाली 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों पर चर्चा हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद ने बैठक में बताया कि सभी आवेदन नंदा गौरा योजना के पोर्टल पर ही प्राप्त किए जाते हैं। जनपद में सभी विकासखंडों के इस योजना के तहत 817 आवेदन बालिका जन्म के तथा 2795 आवेदन 12वीं पास बालिकाओं के हैं। आवेदनों को सुपरवाइजर एवं विकासखंडों में तैनात बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा परखा जाता है। तत्पश्चात आवेदन जिला स्तरीय समिति के सम्मुख आते हैं तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा संस्तुति के बाद उन्हें शासन को प्रेषित किया जाता है। बैठक में समिति द्वारा रैंडमली 51 आवेदनों का परीक्षण किया गया तथा सभी आवेदनों को सही पाया तथा शासन को प्रेषित किए जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों को वर्ष में न्यूनतम दो बार समिति की बैठक बुलाकर शासन को प्रेषित किए जाने की व्यवस्था बनाई जाए। ऐसा करने से सभी आवेदनों का परीक्षण करने में सहूलियत रहती है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चंदन सिंह बिष्ट, सहायक कोषाधिकारी इंद्र सिंह बिष्ट समेत बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## भाजपा नारायणबगड़ मंडल के अध्यक्ष बने कमलेश सती

**चमोली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन से जुड़े कमलेश सती को नारायणबगड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए पार्टी हाईकमान के प्रति आभार व्यक्त किया है। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कमलेश सती छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन से जुड़े रहे हैं। उनके मंडल अध्यक्ष बनने पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत, दलीप सिंह नेगी, विनोद मलेठा, भगवती प्रसाद सती, बीरेंद्र बुटोला, जयानंद सती, कुंवर सिंह रावत, डा. भूपेंद्र मेहरा आदि कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

# आईआईएम काशीपुर ने दी महाविद्यालय नई टिहरी को पांच लाख की सहायता

**संवाद सहयोगी**

**नई टिहरी।** देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और सीड फंड से सम्मानित महाविद्यालय नई टिहरी को आईआईएम काशीपुर के इन्क्यूबेशन सेंटर ने पांच लाख का सहयोग किया है।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत संचालित देवभूमि उद्यमिता केंद्र पीजी कॉलेज नई टिहरी को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। आईआईएम काशीपुर के इन्क्यूबेशन सेंटर ने महाविद्यालय को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। जिससे यहां के नवाचार और उद्यमशीलता को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। महाविद्यालय की छात्रा जैनब व मेंटर डॉ. हेमलता नौटियाल के मार्गदर्शन में उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनकी नवाचार क्षमता को देखते हुए राज्य स्तर पर सीड फंड के लिए चयन किया गया। इस उपलब्धि पर उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. दीपक पांडे, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पुष्पा नेगी, देवभूमि उद्यमिता की मेंटर डॉ. हेमलता तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. हेमलता ने बताया कि इस नवाचार के लिए पेटेंट फाइल किया गया है, जो पब्लिश भी हो चुका है। यह कार्य न केवल उद्यम स्थापना को बढ़ावा देगा, बल्कि इससे जंगलों में लगने वाली आग और प्रदूषण की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं पर आधारित है। इस नवाचार के बड़े स्तर पर पहुंचने से उत्तराखंड की वन संपदा को वनाग्नि से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।




# देवप्रयाग और कीर्तिनगर में जमीनों की खरीद-फरोख्त की हो जांच

**संवाद सहयोगी**

**श्रीनगर गढ़वाल।** कीर्तिनगर तहसील के अंतर्गत बागवान, जखेड़, जाबर, तल्याकोट, हिंसरियाखाल, डडुवा और देवप्रयाग तहसील के रूमधार न्यायपंचायत के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में बड़ी मात्रा में जमीनों की खरीद फरोख्त पर देवप्रयाग के समाजसेवी गणेश भट्ट ने प्रशासन से जांच की मांग की है। सोमवार को कीर्तिनगर में तहसीलदार के माध्यम से डीएम टिहरी को ज्ञापन देते हुए गणेश भट्ट ने कहा कि देवप्रयाग और कीर्तिनगर क्षेत्र में बड़ी मात्रा में जमीनों की खरीद फरोख्त की गई है जिसमें आज तक जमीनों के खरीदने का उद्देश्य अभी तक सामने नहीं आया है। कहा कि कई स्थानों पर स्कूल, होटल, फैक्ट्री खोलने के नाम पर ग्रामीणों को गुमराह किया गया है जिसकी जांच होनी चाहिए। भट्ट ने कहा कि यदि जांच में जमीनों पर रोजगार परक संस्थान खोलने की गतिविधि सामने नहीं आती है तो जमीनों के सौदे पर की गई रजिस्ट्रियों को निरस्त करवाने की मांग की है। बागवान के ग्राम प्रशासक नरेश कोठियाल ने कहा कि यदि पहाड़ के गांवों के सभी जनप्रतिनिधि अपनी कृषि भूमि के संरक्षण पर कार्य करें तो जमीनों को गलत हाथों में जाने से बचाया जा सकता है। मौके पर ग्राम प्रहरी ज्योति प्रसाद बंगवाल, सुनील प्रसाद, हर्ष लाल, मणि रामा भट्ट, रामानंद भट्ट, विकास बिष्ट, रीना देवी, मीना देवी, विमला देवी, सुशीला पांडे, जगदीश बँगवाल आदि शामिल रहे।

# सर्वदलीय संघर्ष समिति के धरने-प्रदर्शन को बताया निराधार

**संवाद सहयोगी**

**अल्मोड़ा।** अपर जिलाधिकारी व सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चन्द्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि सर्वदलीय संघर्ष समिति, अल्मोड़ा द्वारा पर्वतीय जनपदों में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों को समाप्त करने और भवन मानचित्र स्वीकृति का अधिकार नगर निगम को देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2017 में गठित जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, अल्मोड़ा के मुख्यालय अल्मोड़ा और दो क्षेत्रीय कार्यालय रानीखेत व चौखुटिया हैं। प्राधिकरण बनने के बाद भवन मानचित्र स्वीकृति का अधिकार नगर निगम/नगर पालिका परिषद को नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अल्मोड़ा अन्तर्गत वर्ष 2016 से पूर्व के प्राधिकरणों एवं विनियमित क्षेत्रों को छोड़कर नये सम्मिलित क्षेत्रों में यदि कोई आवेदक स्वेच्छा से मानचित्र स्वीकृत कराना चाहता है तो सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी का प्राविधान किया गया है। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुपालन में जनपद अन्तर्गत आवेदकों की स्वेच्छानुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु ऑनलाईन, नियमानुसार एवं ससमय की जा रही है। मर्तोलिया ने कहा कि आवेदकों को मानचित्र स्वीकृति के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिसमें कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ती, इसलिए धरना प्रदर्शन निराधार है। अगर मानचित्र स्वीकृति में किसी भी स्तर पर देरी होती है, तो आवेदक ककंसउवतं3/हउंपस.बवउ पर मेल या 05962-233203 पर शिकायत कर सकते हैं।

वहीं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण का मंगलवार को चमोली जनपद में भ्रमण कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 25 फरवरी 2025 को दोपहर 2.00 बजे विधानसभा भवन भराड़ीसैंण पहुंचेंगी।

# पीपलकोटी में कांग्रेसियों का मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाद सहयोगी**

**चमोली।** उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल द्वारा पहाड़ के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीपलकोटी में मंत्री के विरोध में प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनन्द सिंह पंवार ने बताया विधानसभा सत्र में सदन में मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने अपने भाषण में पहाड़ वासियों का अपमान किया है यह पहाड़वासियों के लिए असहनीय है। इसी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी में मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस नेता आनन्द सिंह पंवार, गजेंद्र सिंह राणा गौरव फर्स्वाण ने यह भी कहा कि सदन में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बद्रीनाथ के विधायक लखपत बुटोला के साथ अनुचित व्यवहार किया गया। इसका भी विरोध मे पार्टी ने किया। पीपरकोटी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में नगर पीपलकोटी, ब्लाक दशोली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीपलकोटी मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल के खिलाफ जुलूस प्रदर्शन मार्च भी निकाला। नारेबाजी कर पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन में गजेन्द्र राणा, गौरव फर्स्वाण, किशन पुन्डीर, अशोक शाह, जयंती राणा, सुनील हटवाल, प्रेम सिंह चौहान, दिनेश मिश्रा, नरेन्द्र राणा, सुरेन्द्र राणा, बद्री सती, जगदीश उनियाल, दिनेश रावत सुनील बिष्ट, राहुल पंवार, नेगी व आशीष कुमार आदि शामिल रहे।

सम्पादकीय

परम नागरिक

मंगलवार, 25 फरवरी, 2025

# सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सव्रेक्षण की माग की गई थी। 1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुन: प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भडकाने का प्रयास होता रहता है। जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।

# अपने ही घर में असुरक्षित होती बच्चियां

**मुकेश तिवारी**

आजकल मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। ऐसे कई मामले हाल ही में प्रकाश में आए हैं जिनमें पिता या करीब के रिश्तेदार ने ही ऐसा घृणित काम किया है दिलों दिमाग को झकझोरा कर रख देने वाली इन घटनाओं ने पवित्र रिश्तो। जिन पर समाज टिका है पर सवालिया निशान लगा दिया है घर अब तक बच्चों के लिए सबसे महफूज जगह थी। वहां भी अब वे असुरक्षित हो गए है।

भारत भर में इन दिनों छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है चौंकाने वाली बात यह है कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाला कोई अपना करीबी रिश्तेदार से लेकर स्कूल शिक्षक भी हो सकता है। वर्तमान में ऐसी बहुत-सी घटनाएं प्रकाश में आई है। जिसमें पिता ने ही बेटी के साथ। भाई ने बहन के साथ। चाचा ने भतीजी और यहां तक की दादा ने पोती के साथ स्कूली शिक्षक ने मासूम छात्रा के साथ दुष्कर्म जैसा घिनौना कृत्य किया। उधर भोपाल के हमीदिया में 11साल की बच्ची की मौत के बाद बड़ा सवाल -मासूम बच्चियों से बार बार दरिंदगी करने वाले कैसे कोर्ट से छूटते रहे?

50 वर्षी फारुख ने दिल्ली के झोपड़ पट्टी क्षेत्र में अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ पत्नी की गैरमौजूदगी में बलात्कार किया। शासकीय कार्यालय में कार्यरत पवन ने अपनी 14 वर्षीय बेटी को डरा धमकाकर उसके साथ यौनाचार किया।बी एस एफ में कार्यरत भोले पाल ने अपने घर में काम करने वाली नौकरानी की बेटी से

कई दिनों तक अपनी हवस शांत की।दिल्ली के हर तरह से साधन संपन्न परिवार से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय विनोद ने अपनी 10 वर्षीय सौतेली बहन के साथ तकरीबन तीन दिनों तक यौन दुराचार किया। सुशील कुमार ने त्रिलोकपुरी में शशि गार्डन में अपने पड़ोस की 8 बषीय बच्ची से बलात्कार किया। रिश्ते में सुशील मासूम बच्ची का चाचा था। गांव की 10 वर्षीय भोली भाली बच्ची के साथ धर्मवीर ने बलात्कार किया। मुरादाबाद रेलवे कालोनी के अनिल कुमार ने 13 वर्ष की लड़की के साथ शौचालय में बलात्कार किया। यह घटनाएं दिल और दिमाग को झांकझोर कर रख देती हैं साथी उन पवित्र रिश्तों में घृणा भी पैदा करती हैं जिस पर समस्त भारतीय समाज टिका हुआ है। वर्तमान समय में पुरुष की शारीरिक हवस इतनी बढ़ गई है कि उसने 60 साल की बूढी औरत से लेकर 4 महीने की मासूम बच्ची को भी नहीं छोड़ा है। शाजापुर जिले में रमेश सिंह ने साल 2003 में 5 साल की बच्ची से दरिंदगी की कोर्ट से उसे 10 साल की सजा मिली।बर्ष 2014 मे वह सजा काटकर बाहर आया तो उसने आष्टा में 8 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया लोअर कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। तो आरोपी ने हाईकोर्ट में सजा रिवीजन की अपील की गई। तो बर्ष 2019 मे कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। कोर्ट से छूटते ही गत 25 फरवरी 2025 को उसने नरसिंहगढ (राजगढ़) में 11 साल की मूक बधिर बच्ची को सोते समय अगवाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने दुष्कर्म के दौरान बच्ची को ऐसे जख्म दिए कि उसने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में 8 फरवरी 2025 को दम तोड दिया। दुष्कर्म के आरोपी रमेश सिंह की 27 व 16 साल की दो बेटियां और एक बेटा है वह अपनी दोनों बेटियों पर भी बुरी नजर रखता है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के ही विदिशा में भी सामने आ चुका है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान गोलू उर्फ कोमल अहिरवार 28 में 3 साल की बच्ची को अगवा किया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। जांच में पता चला कि 2015 में भी वह इसी मैरिज गार्डन में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर चुका है।लोअर कोर्ट ने उसके अपराध को देखते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी हालांकि कोर्ट ने उसे बरी कर दिया।

पिता, भाई, चाचा और दादा अपने ही खून से आंखें चुराकर उनके शरीर का शोषण करते हैं। एक अजीब सा वीभत्स भाव तब आता है जब कोई पिता अपनी बेटी को हवस का शिकार यह कहकर बनता है कि जब पेड़ मैंने लगाया है तो फल कोई और क्यों खाए।मैं ही क्यों न खाऊं, पिता, दादा, और भाई बलात्कारी जरा सोचिए ऐसी त्रासदी की कल्पना करना भी कठिन है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए।

हमेशा से समाज में लड़कियों के साथ दोयम दर्जे का सलूक तो चलता ही था। लेकिन समाज की कुछ मर्यादाएं हुआ करती थी। पुरुष अपने ऊपर संयम रखते थे। धीरे धीरे औरतों के साथ होने वाला गलत व्यवहार शिशु हत्या और दहेज हत्या की तरफ बढ़ा लेकिन पराकाष्ठा तब हुई जब कोई अपनी बहन, बेटी, भतीजी और पोती के साथ दुष्कर्म करने लगा। परिवारों में पनपने वाली इस नई संस्कृति को अनैतिकता अश्लीलता या संवेदनहीनता कुछ भी कहे लेकिन अब समस्या यह है की छोटी बच्चियां या औरतें अपने परिवार में ही असुरक्षित हो तो कहां जाए? किस पर भरोसा करें? किससे संरक्षण मांगे? क्या इन सवालों के उठने के बाबजूद भारतीय समाज स्वयं को श्रेष्ठ और पश्चिम को कुत्सित मान सकता है।

आखिर ऐसे कौन से ऐसे कारण हैं जिनके वशीभूत होकर पुरुष अपना संयम खो बैठते हैं? निचले तबके के लोगों ने बताया कि नशे के कारण पुरुष अपना संयम खो बेठते है। जगह की कमी के कारण सात आठ लोग एक ही झुग्गी में सोते हैं और रात को अश्लील फिल्म देखकर वहन , बेटी को ही अपनी हवस का शिकार बना डालते हैं। शराब के नशे में शारीरिक भूख इतनी तीव्र होती है कि अपने पराए का भेदभाव भुला देती है। खासतौर से अशिक्षित लोगों के लिए क्या अच्छा है क्या बुरा? कुछ समझ ही नहीं आता। हैरानी की बात है कि शराब के नशे में बाप को बेटी नहीं हवस मिटाने का सामान नजर आता है।

यहां तो रही निम्न वर्ग की बात, उच्च या मध्यम वर्ग में भी ऐसा ही है। उनकी बेटियां भी अपने घरों में असुरक्षित है। आज समस्त भारतीय समाज की आसकित पश्चिमी देशों की तरफ बढ़ रही है। रहन-सहन आचार विचार माहौल और यहां तक की रिश्तो में मतभेद न रखने की प्रवृत्ति भी वही की देन है। आधुनिक जीवन पश्चिम की भांति विवाह और परिवार की लंबे समय तक एक जुटता में विश्वास नहीं रख रहा।वैवाहिक जीवन तेजी से असंतोषपूर्ण होता जा रहा है। घुटन तनाव और टक्कर संबंध विच्छेद और तलाक का दौर पश्चिम की तर्ज पर चल पड़ा है। ऐसे माहौल में पुरुष उच्छंलन हो उठते हैं और फिर उनकी शिकार पत्नी से लेकर बहन बेटी। से लेकर छात्रा तक कोई भी हो सकती है।

# नशे के बढ़ते साए और भविष्य का खतरा

**पवन जीनवाल**

जून 2024 की एक अंधेरी रात, राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ क्षेत्र में तैनात बीएसएफ के जवानों ने एक ड्रोन की आवाज सुनी। जवानों ने तुरंत गोलियां चलाकर ड्रोन को गिराने का प्रयास किया। अगली सुबह, तलाशी अभियान में जो सामने आया, वह किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं था। 9 किलोग्राम हेरोइन, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 30 करोड़ थी, जप्त की गई। यह घटना कोई अपवाद नहीं थी।जयपुर में एक विश्वविद्यालय के पास एक महिला को 6 लाख मूल्य की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। हाल ही में, राजस्थान पुलिस ने 14.55 लाख किलोग्राम डोडा पोस्त, 1,411 किलोग्राम डोडा, 197 किलोग्रामगांजा और 36 कि लोग्राम अफीम जब्त की। जिसमें 476 लोगों को गिरफ्तार किया। यह आंकड़े और घटनाएं यह साबित कर रहे हैं कि नशे की लत का दंश सिर्फ व्यक्ति और परिवारों तक सीमित नहीं है, यह अब पूरे राज्य की समस्या बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्र पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की 2022 की विश्व औषधि रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 7 करोड़ लोग नशे के दुरुपयोग से जूझ रहे हैं, जिनमें से 17 प्रतिशत लोग इसके आदी हैं।

राजस्थान में 25,000 से अधिक लोग ड्रग एडिक्शन के शिकार हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत की उम्र 25 से 35 साल के बीच है। यह घटनाएं एक उदाहरण हैं कि कैसे राजस्थान धीरे-धीरे उड़ता राजस्थान बनने की ओर बढ़ रहा है। क्या हमें सचेत होने में देर हो चुकी है, राजस्थान का शिक्षा का केंद्र कोटा, अब नशे के कारोबार का नया अड्डा बन चुका है। यहां 15 साल के किशोर गांजा और चरस जैसे नशीले पदार्थों के साथ पकड़े जा रहे हैं। इस शहर में हर दिन 40 से 50 लाख रुपये का ड्रग्स कारोबार हो रहा है, जो सालभर में 180 करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। सबसे डरावनी बात यह है कि अब तस्करी में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हो रहे हैं। यह स्थिति केवल चिंता का कारण नहीं, बल्कि राज्य की पहचान पर भी सवाल खड़ा कर रही है। सरकार के प्रयास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को नशे की मांग में कमी लाने के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।

2020 में नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई, जो 272 संवेदनशील जिलों में चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों को रोकना और समाज के कमजोर वर्गों तक मदद पहुंचाना है। सरकार ने नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास सुविधाओं का विस्तार किया है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने 89,000 फुटबॉल मैदानों के बराबर अवैध भांग और अफीम की खेती नष्ट की है तथा 2047 तक भारत को मादक पदार्थ मुक्त बनाने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है। नशे के प्रसार को रोकने के लिए देश में कड़े कानून लागू किए गए हैं। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940, नशीली दवाओं के निर्माण और वितरण को नियंत्रित करता है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत नशीली दवाओं के अपराधों पर कड़ी सजा का प्रावधान है, जिसमें 10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना शामिल है। पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस अधिनियम के तहत व्यापक अधिकार दिए गए हैं, जिनमें तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी शामिल हैं। तकनीकी उपाय सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राजस्व खुफिया निदेशालय और सीमा शुल्क विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा डिजिटल पोर्टल्स को लॉन्च किया गया है, जो अधिनियम के तहत संदिग्धों के रिकॉर्ड, उंगलियों के निशान और अदालती आदेशों का डिजिटल डेटाबेस तैयार कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय नशा नियंत्रण नीति के तहत सभी जिलों में पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर ड्रग तस्करी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई गई है और ऑनलाइन माध्यम से नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अधिनियम को जोड़ा गया है। राजस्थान सरकार ने 2022 में नशा मुक्त राजस्थान निदेशालय की स्थापना की है, जो नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने और नशे से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो नशीली दवाओं की तस्करी रोकने का कार्य करता है। जागरूकता फैलाने, नशा पीड़ितों को विधिक सहायता देने और नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने के लिए सेमिनार और संगोष्ठि आयोजित की जा रही है, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। यह लड़ाई अकेले सरकार या कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नहीं है। यह हर माता-पिता, हर शिक्षक और हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक प्रयास ही इस संकट से उबरने का एकमात्र तरीका है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# क्या भारत को केवल हिन्दू सम्हाले हुए हैं?

**राम पुनियानी**

दि इंडियन एक्सप्रेस (मुंबई संस्करण) के 17 फरवरी 2025 के अंक में हिंदू समुदाय देश का जिम्मेदार तबका शीर्षक से प्रकाशित एक समाचार में आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत को उदृत करते हुए कहा गया है कि संघ हिंदू समुदाय को एकजुट करना चाहता है क्योंकि हिंदू समुदाय पर ही इस देश की जिम्मेदारी है। ये बात भागवत ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आरएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू ही देश के गुणधर्मों का मूर्त रूप हैं और देश की विविधतापूर्ण जनता को एकता के सूत्र में बांधकर रखते हैं। भागवत पश्चिम बंगाल के दस दिवसीय दौरे पर थे।

यह निरूपण न केवल भारतीय संविधान के मूल्यों के विपरीत है, वरन् इतिहास हमें जो बताता है उसके भी एकदम खिलाफ है। संविधान के अनुसार हम भारत के लोग धर्मों से परे हैं। हमारा धर्म कोई भी हो हम सब इस देश के नागरिक हैं। आरएसएस के नजरिए के विपरीत, संविधान मानता है कि सभी भारतीयों के अधिकार और जिम्मेदारियां एक बराबर हैं।

आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की विचारधारा के समर्थक भारत में धर्मों की विविधता की संकल्पना को खारिज और कमजोर करने में लगे हुए हैं। आरएसएस समर्थक हमारी मिली-जुली संस्कृति के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले सुंदर शब्द गंगा जमुनी तहजीब को नापसंद करते हैं और जोर देकर कहते हैं कि यह शब्द हिंदू संस्कृति को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करता है। उनका दावा है कि हिन्दू संस्कृति यहाँ हमेशा से छाई रही है।

पहली बात तो यह है कि हिंदू शब्द को गढ़ा ही उन लोगों ने था जिन्होंने सदियों पहले सिंधु नदी को पार किया था। चूंकि वे स का उच्चारण बहुत कम करते थे इसलिए उसकी जगह ह शब्द ने ली और हिन्दू शब्द बन गया। यह शब्द पहले एक विशिष्ट इलाके में रहने वालों के लिए प्रयुक्त हुआ और बाद में इसे उन सभी धर्मों के अनुयायियों के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा जो पैगम्बर-आधारित नहीं थे। 13वीं सदी में मिन्हाज-ए-सिराज नामक एक फारसी इतिहासकार ने पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल वर्तमान पंजाब, हरियाणा और गंगा व यमुना नदियों के बीच के क्षेत्र के लिए किया। राजनीतिक दृष्टि से इसका अर्थ था वह इलाका जिस पर दिल्ली सल्तनत का शासन था। 14वीं शताब्दी में निजामुद्दीन औलिया के शागिर्द अमीर खुसरो ने दक्षिण एशिया के लिए इसका इस्तेमाल कर इसका प्रचलन बढ़ाया।

सम्राट अशोक, जिन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था, और जो बहुत बड़े साम्राज्य के शासक थे, ने उस समय जितने भी धर्म अस्तित्व में थे-वैदिक (ब्राम्हणवादी), जैन, अजीविक और बौद्ध-के प्रति समानता की नीति अपनाई। उस समय बौद्ध धर्म बहुत बड़े इलाके में फैला और तब तक देश का प्रमुख धर्म बना रहा जब तक पुष्यमित्र शुंग ने अपने साम्राज्य से उसका उन्मूलन करने के लिए बड़े पैमाने पर हिंसा प्रारंभ नहीं की। उसके बाद नाथ, तंत्र, शैव, सिद्धांत और आगे चल कर भक्ति जैसी कई श्रमण परम्पराएं फैलीं। लेकिन वैदिक ब्राम्हणवाद सबसे प्रबल बना रहा।

सन् 52 में सेंट थामस द्वारा मलाबार तट पर एक चर्च की स्थापना के साथ देश में ईसाई धर्म का प्रवेश हुआ और धीरे-धीरे यह फैलता गया। इस धर्म को मुख्यत: दलितों और आदिवासियों ने अपनाया। सातवीं सदी में अरब व्यापरियों के साथ इस्लाम आया और बाद में जातिप्रथा से पीड़ित बहुत से लोगों ने इसे अपनाया। 11वीं शताब्दी से एक के बाद एक कई मुस्लिम वंशों के राज का सिलसिला शुरू हुआ जिनकी राजधानी दिल्ली थी। ये थे गुलाम, खिलजी, लोदी और अंतत: मुगल। इसके पहले शक और हूण भी यहां आए। विभिन्न संस्कृतियों का मेलजोल इस काल की विशेषता थी और सबने एक-दूसरे पर प्रभाव डाला।

मध्यकाल में मेलजोल की यह प्रक्रिया और तेज हुई। दोनों प्रमुख समुदायों, हिंदू और मुस्लिम, ने संस्कृति के कई पहलुओं को अपनाया। लेकिन ऐसा नहीं था कि कोई एक धार्मिक समुदाय केन्द्रीय या प्राथमिक था और दूसरा उसके मातहत था या गौण भूमिका में था। फारसी और अवधी के मिलन से उर्दू भाषा बनी। एक दिलचस्प बात यह है कि हिंदू धर्म की महान परंपरा कुंभ, जिसमें पवित्र नदियों, मुख्यत: गंगा में डुबकी लगाई जाती है, के एक प्रमुख अवसर को शाही स्नान कहा जाता है। अब हिंदू राष्ट्रवादी सरकार के दौर में इसका नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया गया है।

लोग एक दूसरे के पर्वों और उत्सवों में उत्साह से भाग लेते थे। होली और मोहर्रम समाज के बड़े तबके के लिए सांझे आयोजन बन गए। मुगल दरबार में दीपावली जश्न-ए-चिराग और होली जश्न-ए-गुलाबी के रूप में मनाई जाती थी। इसका शिखर था भक्ति और सूफी धार्मिक परंपराएं। भक्ति संतों, खासकर कबीर, के अनुयायियों में हिंदू और मुस्लिम दोनों थे। सूफी संतों की दरगाहों पर हिंदू और मुस्लिम दोनों जाते थे। वेलनकिनी चर्च में सभी धर्मों के अनुयायी जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन महासचिव कोफी अन्नान द्वारा गठित सभ्यताओं का गठजोड़ संबंधी उच्चस्तरीय समिति ने कहा कि हमारी संस्कृतियां और सभ्यताएं एक-दूसरे से समृद्ध हुई हैं और विभिन्न धर्मों ने एक दूसरे को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ हुए स्वतंत्रता संघर्ष, जिसमें भागवत और उनके जैसों की जरा सी भी भागीदारी नहीं थी, विभिन्न धर्मावलंबियों के बीच मेलजोल का शिखर था। हम भगत सिंह और अशफाक उल्लाह की चर्चा एक सांस में करते हैं। यह आंदोलन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में हुआ और बदरूद्दीन तैयबजी, आर एम सयानी और मौलाना अबुल कलाम आदि ने अत्यंत उत्साह और उमंग से कांग्रेस के अध्यक्ष का पद संभाला। इससे भी बड़ी बात यह है कि सभी धर्मों के लोगों ने इस संघर्ष में भागीदारी की। केवल मुस्लिम लीग, हिंदू महासभा और आरएसएस उस आंदोलन के प्रति उदासीन रहे जिसने हमें एक राष्ट्र बनाया। एक ओर भगत सिंह तो दूसरी ओर बाबासाहेब अंबेडकर ने राष्ट्र बनते भारत को समावेशी बनाने में भूमिका अदा की। अब आरएसएस के विचारक राष्ट्र बनते भारत की अवधारणा को खारिज कर रहे हैं।

स्वाधीनता संघर्ष ने न सिर्फ विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच एकता के बंधनों को मजबूत किया वरन् मिली-जुली संस्कृति को सशक्त करने में भी योगदान दिया। मुस्लिम लीग और आरएसएस जैसे संगठनों की दृष्टि में राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान पर आधारित होता है। गांधीजी और अन्य नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान दिया। आजादी के आंदोलन के मूल्य हमारे संविधान का हिस्सा हैं, जिसमें धर्मों और भाषाओं की सीमाओं के परे विविधता और बहुलता का समावेश है। भागवत केवल हिंदू समुदाय की आंतरिक विविधता की बात करते हैं और मानते हैं कि केवल हिंदुओं पर ही इस देश की जिम्मेदारी है।

भागवत की केवल हिंदू वाली यह विचारधारा देश की उन्नति में बड़ी बाधा है। वे वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा के समर्थक होने का दावा करते हैं। लेकिन उनके क्रियाकलाप- जैसे शाखाओं में दिया जाने वाला प्रशिक्षण, उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दे जैसे राम मंदिर, घर वापिसी, लव जिहाद, गौ माता आदि- अल्पसंख्यकों के प्रति घृणा उत्पन्न करते हैं और उसके चलते समाज के बड़े तबके में भय फैलता है और उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है।

भारत सहित पूरा विश्व एक विशाल बगीचा है जिसमे कई रंगों के फूल खिले हैं। केवल हिन्दुओं को देश के प्रति जिम्मेदार बताना लोगों को बांटेगा। हम सभी भारतीयों के समान अधिकार हैं और देश के प्रति समान उत्तरदायित्व हैं भले ही हम किसी भी धर्म के अनुयायी हों।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# राजकुमार राव की फिल्म मालिक की रिलीज तारीख का हुआ ऐलान

अभिनेता राजकुमार राव अब तक कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था।

अब राजकुमार जल्द ही फिल्म मालिक में नजर आएंगे। इस फिल्म से उनका दमदार पोस्टर सामने आने के बाद से ही इसकी रिलीज तारीख का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

अब आखिरकार ये इंतजार खत्म हो गया है।

आए जानते हैं कब पर्दे पर आएगी फिल्म।

फिल्म का पोस्टर साझा कर राजकुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा, पूरे प्रदेश और देश पर राज करने आ रहे हैं मालिक। मिलते हैं 20 जून, 2025 को सिर्फ सिनेमाघरों में।



राजकुमार का यह पोस्ट देख उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। एक फैन ने लिखा, आग लगा दोंगे भाई आप। एक लिखते हैं, मालिक बॉक्स ऑफिस पर भी राज करेगा। एक लिखते हैं, आइए ना आपका इंतजार है। एक ने लिखा, बिल्कुल मिलते हैं भैया पूरी पलटन के साथ।

मालिक का निर्देशन पुलकित ने किया है। वह डेढ़ बीघा जमीन, बोस: डेड/अलाइव और भक्त जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।

यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राजकुमार एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म में उनका अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा।

इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का पहला पोस्टर पिछले साल राजकुमार के 40वें जन्मदिन पर रिलीज किया गया था।

राजकुमार ने साल 2010 में आई फिल्म लव सेक्स और धोखा से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अब तक कई सफल फिल्मों में काम किया है।

राजकुमार गैंग्स ऑफ वासेपुर 2, काई पो चे, शाहिद, क्वीन, अलीगढ़, बरेली की बर्फी, न्यूटन, द व्हाइट टाइगर, लूडो, मोनिका ओ माई डार्लिंग, बधाई दो, स्त्री और स्त्री 2 जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं।


राजकुमार भूल चूक माफ नाम की भी एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ वामिका गब्बी नजर आने वाली हैं, जो पिछली बार वरुण धवन के साथ फिल्म बेबी जॉन में दिखी थीं।

ये फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। सनी देओल की फिल्म जाट भी इसी तारीख को पर्दे पर आने वाली है।

भूल चूक माफ के निर्माता दिनेश विजान हैं। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म करण शर्मा के निर्देशन में बन रही है।

## धनुष का भी दिखा दमदार अंदाज

# इडली कड़ाई का नया पोस्टर जारी, बॉक्सर बने अरुण विजय



धनुष अभिनीत इडली कढ़ाई के निर्माताओं ने फिल्म से एक नया लुक जारी किया है, जिसमें अभिनेता अरुण विजय मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेता अरुण विजय फिल्म में एक किरदार निभाएंगे, लेकिन अब यह पुष्टि हो गई है। अब निर्माताओं ने फिल्म में अरुण विजय की मौजूदगी की पुष्टि की है, नए पोस्टर में उन्हें एक मुक्केबाज की भूमिका में दिखाया गया है। इसके अलावा, उसी लुक में धनुष को उनके कोच के रूप में भी दिखाया गया है, जो फिल्म के पिछले सभी पोस्टर से अलग है।

सोशल मीडिया पर नया लुक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, यहां हम चलते हैं, घर में एक साथ अरुण विजय। इडली कढ़ाई। निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज की तारीख 10 अप्रैल, 2025 की पुष्टि की। फिल्म इडली कढ़ाई धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म है, इससे पहले वे पा पांडी, रेयान और नीक जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस फिल्म में धनुष भी मुख्य भूमिका में हैं और इसे एक फील-गुड ड्रामा बताया जा रहा है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म के आधिकारिक लुक का अनावरण किया था, जिसमें धनुष और नित्या मेनन की जोड़ी को दिखाया गया था, जहां पहले के लुक में फिल्म को गांव की पृष्ठभूमि में दिखाया गया था, वहीं नए पोस्टर में फिल्म का अलग रूप देखने को मिला है। नित्या मेनन और अरुण विजय के अलावा फिल्म में शालिनी पांडे, प्रकाश राज, राज किरण और कई अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अक्तूबर में नित्या मेनन ने घोषणा की थी कि वह इस फिल्म में धनुष के साथ अभिनय करेंगी। थिरुचित्रम्बलम के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है। इडली कढ़ाई 10 अप्रेल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, धनुष के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता को आखिरी बार रायन में दिखा गया था। अब अभिनेता के पास कई परियोजनाएं हैं। धनुष के पास शेखर कम्मुला की कुबेर है, जिसमें रश्मिका मंदाना और अक्किनेनी नागार्जुन शामिल हैं।

# निकिता दत्ता ने बॉडीकॉन आउटफिट पहन सोशल मीडिया का बढ़ाया पारा



बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। कबीर सिंह फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिल जीतने वाली एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने येलो कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढकर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनका कातिल अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। निकिता दत्ता की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने खुले बाल, ग्लैम मेकअप कर और ग्लोसी लिप्सटिक लगाकर अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। एक्ट्रेस निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। निकिता दत्ता की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- अडोरेबल। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। अन्य यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

# राम गोपाल वर्मा की पैन इंडिया फिल्म साड़ी का दूसरा गाना रिलीज

राम गोपाल वर्मा की नवीनतम फिल्म सारी की लॉगलाइन: टू मच लव कैन बी स्केरी। गिरि कृष्णकमल द्वारा निर्देशित, प्रमुख व्यवसायी रविशंकर वर्मा आरवी-आरवी प्रोडक्शंस के एलएलपी बैनर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम में पैन इंडिया मूवी के रूप में रिलीज होगी। सारी फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में बनाई जा रही है, जिसमें सत्य यदु और आराध्या देवी की नायिकाओं के रूप में कई वास्तविक जीवन की घटनाओं का साक्ष्य है। आरजीवी डेन में सारी का दूसरा गीतात्मक वीडियो गीत आज जारी किया गया है।




राम गोपाल वर्मा ने बताया कि आरजीवी डेन म्यूजिक का दूसरा गीत आज रिलीज हो गया है। उन्होंने बताया कि इस गीत को राकेश के काम की धुन पर तैयार किया गया है और उन्हें गीत के बोल दिए गए हैं। गीत के बोल ही गीत का मुख्य आकर्षण हैं और इस गीत को गायक साई चरण ने गाया है।

निर्माता रविशंकर वर्मा फिल्म मा शारी का पहला गीत आई वांट लव को शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। यह दूसरा गीत येगिरे गुव्वालागा तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल सेंसर प्रोग्राम चल रहे हैं, कुछ अपरिहार्य कारणों से फिल्म रिलीज में देरी हुई है, हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे।

## केसरीः चैप्टर 2 की आई रिलीज तारीख

# सामने आएगी जलियांवाला नरसंहार कांड की अनकही कहानी

अक्षय कुमार को पिछली बार फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की। हालांकि, अक्षय ने अपने काम से खूब वाहवाही लूटी। पिछले काफी समय से अक्षय, सी शंकरन नायर की बायोपिक को लेकर चर्चा में थे।

अब उनकी इस फिल्म की नई रिलीज तारीख सामने आ गई है

यह वही फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ पहली बार अनन्या पांडे और आर माधवन नजर आएंगे।

यह फिल्म शंकरन नायर की बायोपिक है, जो जलियांवाला बाग नरसंहार में जनरल डायर की भूमिका को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई को दिखाएगी। यह जलियांवाला बाग ननरसंहार की सच्ची और अनकही कहानी दर्शकसें के सामने लाएगी।

फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों का रुख करगी।

हालांकि, पहले यह फिल्म इस साल 14 मार्च को पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज टाल दी गई है।

फिल्म में दिखाया जाएगा कि शंकरन ने जलियांवाला नरसंहार कांड के बाद 1919 में वायसराय काउंसिल से इस्तीफा क्यों दिया था, वहीं ब्रिटिश सरकार के खिलाफ उन्होंने जो लड़ाई लड़ी, उसका क्या परिणाम रहा।

शंकरन नायर पेशे से मद्रास हाईकोर्ट में वकील और जज थे। उन्हें 1897 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष भी चुना गया था। शंकरन ने जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल ओ डायर का खुलकर विरोध किया था, जिसके चलते उन पर कई केस हुए थे।




फिल्म में अक्षय और अनन्या ने वकील की भूमिका निभाई है। उनके अलावा फिल्म में आर माधवन भी हैं।

फिल्म में अक्षय एक वरिष्ठ और सम्मानित वकील होते हैं, जबकि अनन्या अभी करियर की शुरुआत कर रही होती हैं. द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर फिल्म किताब द केस दैट शूक द एम्पायर पर आधारित है।,

इस किताब को शंकरन के पोते रघु पलाट ने लिखा है। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही है।

बता दें कि इस फिल्म का अक्षय की सुपरहिट फिल्म केसरी से कोई लेना-देना नहीं होगा। फिल्?म की कहानी पूरी तरह से जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जाहिर है कि निर्माता फिल्?म के टाइटल का यह दांव दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए कर रहे हैं।

केसरी जहां 2019 में होली के दिन 21 मार्च को रिलीज हुई थी, वहीं निर्माताओं की तैयारी पहले केसरी: चौप्?टर 2 को भी इसी साल होली पर रिलीज करने की थी।

# 28 फरवरी को रिलीज होगी वेब सीरीज सुजल-2

'विक्रम-वेधा' फिल्म के निर्माता पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्मित इस वेब सीरीज का दूसरा सीजन दर्शकों के लिए ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। सुजल 2 में कथिर और ऐश्वर्या राजेश बतौर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं इसे कब और कहां आप देख सकते हैं।

'सुजल' वेब सीरीज का दूसरा सीजन 'सुजल- द वोर्टेक्स' जिसे 28 फरवरी को अमेजन प्राइम विडियो पर रिलीज किया जाएगा। यह तमिल, तेलुग, मलयालम, कन्नड़ सहित हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। थ्रिलर और संस्पेंस जॉनर के शौकीनों को यह सीरीज पसंद आ सकती है। इसके रिलीज पोस्टर को निर्माता गायत्री और पुष्कर ने अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



सुजल के पहले सीजन के बाद से इसके दूसरे सीजन का लोग बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसकी कहानी अष्टाकाली उत्सव पर आधारित है। इसकी कहानी एक छोटे से गांव से शुरू होती है, जहां कालीपट्टनम में अष्टाकाली उत्सव के दौरान हुई हत्या के बारे में बहुत ही गहन तरीके से खोज की जाती है। इसकी कहानी कई जगहों पर मोड़ लेती है, जो पूरे तरीके से रहस्यों से भरी हुई है।

वॉलवॉचर बैनर के तले सुजल 2 सीरीज को रिलीज किया जाएगा। गायत्री और पुष्कर के निर्देशन में बनी इस सीरीज में ऐश्वर्या राजेश और कथिर के अलावा ये कलाकार भी मौजूद हैं, जिनमें लाल, सरवनन, गौरी किशन, मोनिशा ब्लेसी, सयुक्ता विश्वनाथन, श्रीशा, अभिरामी बोस, निखिला शंकर, रिनी, कलैवानी भास्कर और अश्विनी नांबियार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन

# पर्दे पर निभाना चाहती हैं फैशन आइकन की भूमिका

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने समाचार एजेंसी से बात की। उन्होंने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चौनल की भूमिका निभाना चाहती हैं।

चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, हां मैं 'कोको चौनल' की भूमिका निभाना चाहूंगी।

अभिनेत्री ने आगे बताया, जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं



ज्यादातर समय कैजुअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है! क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं।

अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं।

अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं पहले अपने पर्सनल स्टाइल, अपने पर्सनल फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती थी और अब मैं इन चीजों को लेकर सहज महसूस करती हूं और इसी कड़ी में मैं खुद को समझने लगी हूं।

भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में हुआ जागरूकता एवं अनुपालन पर मानक मंथन

# एल्यूमिनियम मिश्र धातुओं के उत्पाद में गुणवत्ता बढ़ाने पर हुई चर्चा

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून द्वारा संशोधित मानक 617:2024 और एल्युमिनियम एवं एल्युमिनियम मिश्र धातुओं के रिवेरमेल्टिंग और जनरल इंजीनियरिंग प्रयोजनों के लिए कास्टिंग्स पर लागू गुणवत्ता नियंत्रण आदेश पर एक इंटरएक्टिव सत्र ष्मानक मंथनष् का आयोजन किया गया। पी आई बी की विज्ञप्ति के अनुसार आयोजन हरिद्वार के होटल एम जे पोर्टिको में आयोजित किया गया और उसमें मुख्य रूप से ब्यूरो की देहरादून इकाई के निदेशक सौरभ तिवारी एवं सिडकुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिंद्र गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर






कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह सत्र पिछले दिसंबर से लागू हुए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत उद्योग के हितधारकों को अनुपालन आवश्यकताओं, उद्योग पर प्रभाव और कार्यान्वयन रणनीतियों को समझने में मदद करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्णानंद पीजी कॉलेज ऋषिकेश एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इसके अलावा, एल्युमिनियम इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने भी सत्र में भाग लिया और अपने विचार साझा किए। सौरभ तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इससे एल्युमिनियम गुणवत्ता नियंत्रण पहल के बारे में जागरूकता पैदा होगी और उत्पाद गुणवत्ता, सुरक्षा एवं नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने में इसकी अहम भूमिका होगी। हरिंद्र गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच संवाद को बढ़ावा देगा, जिससे हितधारक विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे, संदेहों को स्पष्ट कर सकेंगे और उद्योग मानकों को मजबूत करने के लिए सहयोग कर सकेंगे। जिसमें संशोधित मानक, प्रवर्तन तंत्र और अनुपालन की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

ब्यूरो के संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने उद्योग के अनुपालन को बढ़ावा देने, उत्पाद गुणवत्ता में सुधार करने और संशोधित मानकों एवं ब्ब् प्रवर्तन के लिए एक सहज संक्रमण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को बांटी स्वच्छता किट

**देहरादून।** नगर निगम कार्यालय परिसर में सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने चेक अप करवाया। उन्हें दवा भी उपलब्ध करवाई गई। चिकित्सकों ने सभी को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। नगर आयुक्त नमामी बंसल ने पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता किट उपलब्ध करवाई। अधिकारी ने कहा कि समय-समय पर आगे भी निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करेंगे। ताकि समस्त कर्मचारियों को समय पर इलाज की सुविधा मिल सके। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक मनीष दरियाल, राजेश बहुगुणा, एमआईएस एक्सपर्ट रजत भंडारी, सफाई निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# गोदियाल की महेंद्र भट्ट को चुनौती, कार्रवाई करके दिखाएं

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बड़े बोल, भाजपा के लिए सिरदर्द बन गए हैं। बचाव में उतरे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान पर अब पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उन्हें खुली चुनौती दे डाली है। गोदियाल ने कहा महेंद्र भट्ट मंत्री इस प्रकरण में विरोध कर रहे लोगों पर कार्रवाई की बात कर रहे हैं, लेकिन वह चुनौती देते हैं, कि सबसे पहले उन पर (गोदियाल) कार्रवाई करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा माफी मांगने के बजाए लोगों को धमकाने का काम कर रही है। लोगों को डराने का काम कर रहे हैं। महेंद्र भट्ट इस प्रकरण में कार्रवाई करके दिखाएं, वह अपनी घर-कुड़ी बेचकर भी ऐसे लोगों के साथ खड़े रहेंगे। पहले भाजपा बड़े लोगों को धमकाती थी, अब आम लोगों को भी धमकाने लगी है। कहा कि उन्होंने पहाड़ का पानी पिया है, वह इसकी अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

बता दें कि भट्ट ने कहा था कि वर्तमान प्रकरण में कुछ लोग समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया में टिप्पणीयां पोस्ट की जा रही हैं। विशेषकर राजनीतिक व्यक्तियों के बयान सामने आ रहे हैं, जो कि बेहद गैरजिम्मेदाराना हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई होनी चाहिए। वे इस बारे में मुख्यमंत्री से कहेंगे कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। गोदियाल ने कहा कि उन्होंने इस प्रकरण में पहले ही दिन एक वीडियो जारी कर प्रेमचंद को बाहर निकलने का रास्ता भी बता दिया था। उन्हें यह कहकर माफी मांग लेनी चाहिए थी कि मेरे मुंह से गलती से अपशब्द निकल गए और मैं इसके लिए सभी से माफी मांगता हूं। यह प्रकरण उसी दिन खत्म हो जाता।





# राज्यपाल ने किए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य पुरस्कार वितरित

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्काउट्स और गाइड्स संगठन की सेवा भावना की सराहना की।

जानकारी के अनुसार प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड की ओर से राजभवन में आयोजित राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह में 63 स्काउट, 51 गाइड, 31 रोवर, 27 रेंजर एवं 22 यूनिट लीडर, कुल 194 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस रैली के माध्यम से गत वर्षों 2019, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 के राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र जनपदों को प्रदान किए गए जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय दोनों सम्मिलित हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर उप राष्ट्रपति अवार्ड मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले जनपद नैनीताल और ऊधमसिंह नगर को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस वर्ष डायमंड जुबली ''जम्बूरी'' दिनांक 28 जनवरी 2025 से 03 फरवरी 2025, तमिलनाडु में सम्पन्न हुई। इस जम्बूरी में उत्तराखण्ड प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 16 प्रतियोगिताओं में जनपद अल्मोडा, नैनीताल, पिथौरागढ, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, उत्तरकाशी ने 'ए' तथा 'बी' ग्रेड प्राप्त किया, इस हेतु इन जनपदों को कुल 07 प्रशंसा पत्र दिए गए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ऐसा संगठन है जो समर्पण और सेवा की भावना से कार्य कर रहा है। उन्होंने आपदा, दुर्घटनाओं और अन्य संकट के समय सबसे पहले राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु संगठन की सराहना की। राज्यपाल ने संगठन के सदस्यों को उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए सराहा और समाज सेवा की इस भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंनें इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों की संख्या 50 हजार से अधिक हो गई है, राज्यपाल ने इस संख्या को और बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे इस संगठन से जुड़कर समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को मजबूत करें। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. मुकुल कुमार सती, प्रादेशिक आयुक्त वंदना गर्ब्याल, प्रादेशिक सचिव रवीन्द्र मोहन काला,

## धूमधाम से मनाया गया शिव जयंती महोत्सव

**कोटद्वार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की शाखा सुख शांति भवन में शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को बताया गया। नजीबाबाद रोड मिश्रा कॉलोनी में स्थित सुख शांति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सेंटर की संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति देवी ने कहा कि शिवरात्रि पर्व परमपिता परमात्मा शिव का जन्म दिवस का यादगार पर्व है। कहा कि चारों युगों में एक बार शिव परमात्मा का अवतरण होता है। जब भी धरती पर भ्रष्टाचार, अत्याचार और पाप बढ़ता है, तभी शिव परमात्मा को इस सृष्टि पर आकर पुन: नई दुनिया की स्थापना का महान कार्य करना पड़ता है, जो अब चल रहा है।

# एआई और अनुभवि शिक्षक कराएंगे जेईई की तैयारी

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** आईआईटी या दुनिया के किसी बड़े इंजीनियरिंग कालेज में दाखिले का सपना देख रहे युवा अब शिक्षकों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। आकाश इंस्टीट्यूट ने इसके लिए खास तैयारी प्लेटेफार्म लांच किया है। सोमवार को दिलाराम चौक स्थिति कार्यालय में संस्थान के यूपी उत्तराखंड के रीजनल हैड डीके मिश्रा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आकाश इन्विक्टस नाम से लांच इस खास प्रोग्राम में एआई के साथ ही देश भर के करीब पांच सौ से ज्यादा अनुभवी शिक्षक इसमें परीक्षार्थियों को तैयारी कराएंगे। इसके लिए देहरादून सहित देश भर के 25 शहरों को चुना गया है। जहां ग्यारहवीं के बाद दो और दसवीं के बाद तीन साल तक इसके तहत तैयारी करवाई जाएगी। इस कोर्स में दाखिले के लिए एंट्रेस टेस्ट होगा। उसके टॉपरों को ही इस कोर्स में दाखिला दिया जाएगा। संस्थान के एमडी और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि ये अत्याधुनिक तकनीकों और अनुभव पर आधारित कोर्स होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई इससे बेहतर पाठ्य सामग्री तैयार कर सकता है तो तो हम आपको पुरस्कृत करेंगे।

## सीएम ने पुलिस महानिरीक्षक केवल खुराना के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को किशनपुर, देहरादून स्थित पुलिस ऑफिसर्स कॉलोनी में पुलिस महानिरीक्षक केवल खुराना के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुलिस महानिरीक्षक केवल खुराना के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



# क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय विशेष आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग तथा ग्रामीण निर्माण विभाग में नव-नियुक्त कनिष्ठ सहायकों एवं सहायक लेखाकारों के लिए क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय (20-24 फरवरी, 2025) एक विशेष आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विल एंड स्किल क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा देहरादून में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय प्रबंधन (फाइलिंग, नोटिंग, ड्राफ्टिंग, अभिलेख प्रबंधन), वित्त एवं लेखा कार्य, विधिक मामले, अधिष्ठान मामले तथा कार्यस्थल प्रेरणा जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण सत्रों को किशन नाथ, सेवानिवृत्त अपर सचिव, एस.एस. वाल्दिया, सेवानिवृत्त अपर सचिव, वित्त विशेषज्ञों सुनील रतूड़ी, आशीष खुडलानी,



विधि विशेषज्ञ एन.के. पंत तथा प्रेरक वक्ता अमित गोस्वामी द्वारा संबोधित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यालय प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों को समझने तथा विधिक एवं स्थापना संबंधी मामलों से अवगत होने के साथ-साथ कार्यस्थल पर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त की

# नर्सिंग अधिकारियों को मिलेगी दो सप्ताह के भीतर नियुक्ति

**संवाद सहयोगी**

**देहरादून।** उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 1314 नर्सिंग अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर नियुक्ति दे दी जायेगी। इन सभी नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश के पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों व राजकीय कैंसर संस्थान हल्द्वानी में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनात किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी औचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य के पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों को दो सप्ताह के भीतर नर्सिंग अधिकारी मिल जायेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति प्रक्रिया की सभी औचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये है। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के स्वीकृत पद लम्बे समय से रिक्त पड़े हैं, जिनमें राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में 323, हल्द्वानी 320, रूद्रपुर 310, अल्मोड़ा 207 और श्रीनगर में 300 पद शामिल है। इस प्रकार राजकीय कैंसर संस्थान हल्द्वानी में भी 64 पद स्वीकृत हैं। इन सभी स्वीकृत पदों के सापेक्ष सेवा चयन बोर्ड से चयनित नर्सिंग अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधारीकरण के दृष्टिगत चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती का अधियाचन भेजा था। जिसके क्रम में सेवा चयन बोर्ड द्वारा भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर 1314 नर्सिंग अधिकारियों का अंतिम चयन परिणाम विभाग को सौप दिया गया है। इन चयनित नर्सिंग अधिकारियों का वर्तमान में दो स्तरों पर सत्यापन चल रहा है, जिसमें अधिक समय लगने के चलते चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र तैनाती देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया पृथक से चलती रहेगी।